

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 250 | ग्वालियर बुधवार 16 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


शिवराज कैबिनेट के फैसलेः भोपाल-इंदौर मेट्रो के लिए मेट्रोपॉलिटन एरिया घोषित

## ग्वालियर में देश का पहला दिव्यांग खेल केंद्र बनेगा, एक रुपए में भूमि का आवंटन होगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिमंडल द्वारा भोपाल-इंदौर मेट्रो के लिए मेट्रोपॉलिटन एरिया (महानगरीय क्षेत्र) घोषित किया गया। ग्वालियर में दिव्यांग बालक-बालिकाओं के लिए स्टेडियम बनाए जाने का फैसला लिया गया। जेसीनगर की जैरा मध्यम सिंचाई परियोजना को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए 354.14 करोड़ की स्वीकृति दे दी। पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में लैंडिंग पुल से किसानों की 25 फीसदी भूमि लेकर क्षेत्र को विकसित करने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही सतही जल योजना को भी मंजूरी दी गई, जिससे घर-घर टोंटी से पानी उपलब्ध हो सकेगा। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। मिश्रा ने बताया कि मंत्रिमंडल में इंदौर और पीथमपुर में नवीन सेक्टर 4 और 5 को विकसित करने की योजना को मंजूरी दी गई। भोपाल और इंदौर को महानगरीय क्षेत्र के गठन पर मुहर लगा दी गई। इसमें अटल भूजल योजना को भी मंजूरी दी गई। काराधान अधिनियम, जीएसटी अधिनियम विधेयकों को मंजूरी मिली, विधानसभा में विधेयक लाया जाएगा। कांग्रेस विधायक गोवर्धन दांगी को भी बैठक में श्रद्धांजलि दी गई। भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया के लिए दोनों शहरों के आसपास के नगरीय निकायों को मिलाकर महानगर क्षेत्र बनाया जाएगा। इन क्षेत्रों की भविष्य की योजना भी मेट्रो लाइन के हिसाब से बनेगी। मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के गठन का प्रस्ताव नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने रखा था, जिसे शिवराज कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। भोपाल महानगर क्षेत्र में भोपाल निवेश क्षेत्र और मंडीदीप निवेश क्षेत्र सम्मिलित होंगे। इंदौर महानगर क्षेत्र में महू निवेश क्षेत्र और पीथमपुर निवेश क्षेत्र को जोड़ा गया है। कैबिनेट ने ग्वालियर में बनने वाले देश के पहले दिव्यांग स्टेडियम के लिए मंजूरी दे दी। केंद्र का निर्माण ट्रिपल आईटीएम के सामने करीब 22 हेक्टेयर भूमि में होगी। इसे एक रुपए की राशि में उपलब्ध कराया गया है। खेल केंद्र के प्रस्ताव को केंद्र की मोदी सरकार पहले ही अनुमति दे चुकी है। ग्वालियर में प्रस्तावित खेल केंद्र को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत किया जाएगा। इस सेंटर द्वारा सृजित उन्नत बुनियादी सुविधाओं के बल पर खेल की गतिविधियों में भी निशक्तजनों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। दिव्यांगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया जाएगा।

### सर्वदलीय बैठक में लिया गया निर्णय एक दिन का होगा विधानसभा का सत्र



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों की सरगर्मी के बीच विधानसभा का एकदिवसीय सत्र 21 सितंबर को होगा। इस दौरान सिर्फ बजट पेश किया जाएगा। इसके अलावा कुछ नहीं होगा। इसका निर्णय मंगलवार सुबह विधानसभा में हुई सर्वदलीय बैठक में लिया गया। इस पर कांग्रेस ने भी अपनी सहमति दी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि बजट पास होना जरूरी है। प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा ने कहा कि यह सिर्फ एक दिन का होगा। प्रश्नकाल नहीं होगा। अगर कोई सवाल आता है, तो उस पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि विधानसभा से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष समेत सभी दलों के लोग होते हैं। इसी दौरान स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव भी किया जाएगा। सत्र में सिटिंग अरेंजमेंट और प्रश्नकाल के होने या नहीं होने पर चर्चा की गई। कोरोना के कारण सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखना जरूरी है, लेकिन जनता से जुड़े कामों को भी करना है। इसलिए इसे एक दिन का रखने का निर्णय लिया गया है, ताकि बजट पेश हो सके। ऐसे में अब जब विधानसभा का सत्र शुरु होने में सिर्फ 5 दिन का समय शेष बचा है तब ऐसे मंत्री और विधायक जो हाल में कोरोना पॉजिटिव पाए गए है उनके शामिल होने पर सस्पेंस बन गया है। शिवराज सरकार में कैबिनेट मंत्री विजय शाह, पूर्व मंत्री और विधायक सज्जन सिंह वर्मा, तरुण भनोट, पूर्व विधानसभा स्पीकर एनपी प्रजापति, बसपा विधायक रामबाई, विधायक धरम सिंह सरयाम। विधायक केपी त्रिपाठी, विधायक बाबू सिंह जांडेल और विधायक ब्रह्मा भालवी हाल में ही कोरोना पॉजिटिव हुए है। ऐसे में इन सभी विधायकों के सत्र की बैठक में शामिल होने पर संस्पेंस बना हुआ है।

## ब्यावरा से कांग्रेस विधायक गोवर्धन दांगी की कोरोना से मौत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ में ब्यावरा से कांग्रेस विधायक गोवर्धन दांगी की कोरोना से मौत हो गई है। कोरोना पॉजिटिव आने के बाद उनकी हालत बिगड़ी थी। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली। हालांकि 8 सितंबर को उनकी दूसरी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। बाद में हालात बिगडने़ से मौत हो गई है। गोवर्धन दांगी मध्य प्रदेश के पहले विधायक हैं, जिनका कोरोना पॉजिटिव आने के बाद निधन हो गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दांगी के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर स्वर्गीय विधायक दांगी को श्रद्धांजलि दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने दांगी के निधन पर दुख जताया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही की वजह से दांगी की जान गई। यहां के हॉस्पिटल में सही इलाज नहीं मिला। इसलिए दिल्ली में मेदांता में उनको बचाने की कोशिश की गई थी। कमलनाथ ने कहा कि राजगढ़ जिले की ब्यावरा सीट से हमारे साथी विधायक गोवर्धन दांगी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बेहद कर्मठ, जुझारू व्यक्तित्व के धनी दांगी अपने क्षेत्र के विकास व जनता के हितों के लिये सदैव संघर्षरत रहते थे। दांगी के निधन के बाद अब ब्यावरा सीट पर भी उपचुनाव होगा।

### मुख्यमंत्री चौहान ने विधायक गोवर्धन दांगी के निधन पर दुख व्यक्त किया



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्यावरा क्षेत्र के विधायक गोवर्धन दांगी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

## चीन की हर हरकत पर सेना की नजर, जरूरत पड़ी तो देंगे सख्त जवाब : राजनाथ


**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी तनाव पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में बयान दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि सीमा पर भारतीय जवान पूरी सर्तकता के साथ डटे हुए हैं। विपक्षा दलों के सदस्य काफी समय से रक्षामंत्री से इस मुद्दे पर जानकारी देने की मांग कर रहे थे।



राजनाथ सिंह ने चीन को बातचीत का प्रस्ताव देते हुए कहा कि अगर ड्रैगन सीमा पर कोई हरकत करेगा तो हमारे जवान उसे माकूल जवाब देंगे। राजनाथ ने कहा कि सेना के लिए अस्त्र-शस्त्र और गोला बारूद की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उनके रहने के लिए बेहतर सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि लद्दाख में हम एक चुनौती के दौर से गुजर रहे हैं। यह समय है कि यह सदन अपने जवानों को वीरता का एहसास दिलाते हुए उन्हें संदेश भेजे कि पूरा सदन उनके साथ खड़ा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मौजूदा स्थिति पहले से अलग है। हम सभी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार हैं। जब भी देश के समक्ष कोई चुनौती आई है, इस सदन ने सेना के प्रति पूरी प्रतिबद्धता दिखाई है। सेना के जवानों का जोश और हौसला बुलंद है। राजनाथ ने कहा, हम सीमाई मुद्दों का हल शांतिपूर्ण तरीके से किए जाने के प्रति प्रतिबद्ध है। हमने चीनी रक्षा मंत्री से रूस में मुलाकात की। हमने कहा कि इस मुद्दे का शांतिपूर्ण तरीके से हल करना चाहते हैं, लेकिन भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

लोकायुक्त की कार्रवाई

## काले धन के कुबेर, करोड़ों का मालिक निकला बड़नगर सीएमओ



**उज्जैन।** लोकायुक्त उज्जैन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। यहां बडऩगर सीएमओ के घर दबिश देकर करोड़ों की काली कमाई उजागर की। टीम ने सुबह सीएमओ के तीन ठिकानों उज्जैन, बडऩगर और माकड़ौन में एक साथ दबिश दी। शुरुआती जांच में करीब तीन करोड़ की कमाई की बात सामने आई है। सीएमओ के घर से करीब 4 लाख की नकद, लाखों के सोने-चांदी के जेवर, दो आलीशान मकान, जमीन, एक निर्माणाधीन होटल समेत अन्य प्रॉपर्टी मिली। लोकायुक्त इंस्पेक्टर बसंत श्रीवास्तव ने बताया कि बडऩगर सीएमओ कुलदीप टीनसुख के खिलाफ जून 20 में अनुपातहीन संपत्ति को लेकर एक शिकायत हुई थी। जांच में मामला सही पाए जाने पर अलसुबह टीम ने दबिश दी। घर पहुंचे और बेल बजाई तो सीएमओ ने दरवाजा खोला। टीम के परिचय देते ही सीएमओ के चेहरे की रंगत बदल गई। टीम भीतर पहुंची तो उनका एक दोस्त भी सोते हुए मिला। इसके बाद उज्जैन समेत बडऩगर और माकड़ौन में तलाशी ली गई। माकड़ौन में लाखों रुपए कैश और बड़ी मात्रा में सोने-चांदी की ज्वैलरी मिली। लोकायुक्त इंस्पेक्टर बसंत श्रीवास्तव ने बताया कि बडऩगर सीएमओ के खिलाफ अनुपातहीन संपत्ति को लेकर की गई जांच में यह पता चला कि 16 साल की नौकरी में इन्हें करीब 30 लाख रुपए सैलरी मिली। लेकिन शुरुआती जांच में ही करोड़ों की संपत्ति सामने आई है। जांच में एक मकान माकड़ौन में, दो लग्जरी कार, दो स्कूटी, दो बाइक, साढ़े 3 एकड़ जमीन, उज्जैन रेलवे स्टेशन के सामने कमर्शियल निर्माण की परमिशन ले रखी है, बिल्डिंग का काम भी चल रहा है। संभवत~ होटल बना रहे हैं। इसके अलावा उज्जैन में एक दो मंजिला मकान, 4 लाख नकदी, सोने-चांदी के लाखों के जेवर मिले। श्रीवास्तव के अनुसार, इसके खिलाफ तीन करोड़ की अनुपातहीन संपत्ति होने का पता चला है। माकड़ौन में कैश और ज्वैलरी मिली है। 2004 में इन्होंने पंचायत सचिव के पद पर कार्य करना शुरू किया था। अभी ये राजस्व निरीक्षक के पद पर हैं। अभी इन्हें प्रभारी सीएमओ बडऩगर का प्रभार भी मिला हुआ है। दबिश के दौरान इनका एक दोस्त भी उनके घर पर सोते हुए मिला। इन्होंने अपने उस दोस्त के नाम पर ही कार समेत कई संपत्ति खरीदी है। जांच में यह भी पता चला है कि इसके अलावा भी कुछ दोस्तों के नाम पर इन्होंने प्रॉपर्टी खरीदी है।

## सरकार के पास नहीं लॉकडाउन में प्रवासी मजदूरों की मौत का हिसाब



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस को रोकने के लिए 25 मार्च से देशभर में लागू किए गए 68 दिनों के लॉकडाउन में कितने प्रवासी मजदूरों की मौत हुई? इसका आंकड़ा मोदी सरकार के पास नहीं है। इसे लेकर अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हमला बोला है। राहुल गांधी ने मोदी सरकार से पूछा कि सरकार ने अगर प्रवासियों के मौत का रिकॉर्ड नहीं रखा तो क्या मौतें नहीं हुईं? मंगलवार सुबह ट्वीट कर राहुल गांधी ने सरकार से सवाल किया, %मोदी सरकार नहीं जानती कि लॉकडाउन में कितने प्रवासी मज़दूर मरे और कितनी नौकरियां गईं। तुमने ना गिना तो क्या मौत ना हुई? हां मगर दुख है सरकार पे असर ना हुई, उनका मरना देखा ज़माने ने, एक मोदी सरकार है जिसे खबर ना हुई। बता दें कि मॉनसून सत्र के पहले दिन केंद्र सरकार ने संसद को बताया है कि प्रवासी मजदूरों के मौत का कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। लॉकडाउन की वजह से लाखों मजदूरों ने शहरों से गांवों की ओर पलायन किया था, जिनमें से कई की मौत रास्ते में अलग-अलग वजहों से हो गई थी।।

## कोरोनाः आंकड़ा 50 लाख के पार



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 50 लाख के पार हो गया। अब तक 50 लाख 7 हजार 101 लोग संक्रमित पाए जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 81 हजार 961 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। राहत की बात है कि इनमें ठीक होने वालों की संख्या भी 39 लाख से ज्यादा हो चुकी है। अब तक 39 लाख 29 हजार 605 लोग ठीक हो चुके हैं। रिकवरी रेट भी दो दिनों में 0.45त्न की बढ़ोतरी के साथ 78.45त्न हो गई है। मंगलवार को 53 हजार 936 लोगों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। संक्रमण के चलते अब तक 82 हजार 23 लोग जान गंवा चुके हैं, जबकि 9 लाख 94 हजार 768 लोगों का अभी इलाज चल रहा है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा, %% मैंने कोविड-19 का आरटी-पीसीआर टेस्ट कराया और उसका रिजल्ट पॉजिटिव आया है। मैं एसिम्प्टोमैटिक हूं और पूरी तरह स्वस्थ्य हूं। गाइडलाइन के मुताबिक मैंने खुद को आईसोलेट कर लिया है। मेरे संपर्क में आने वाले सभी लोगों से अनुरोध है कि कृपया वह गाइडलाइन का पालन करें।%%


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


राज्यसभा में बोली जया बच्चन

## जिस बॉलीवुड से नाम कमाया, उसे ही गटर बोल रहे कुछ लोग

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आज सपा सांसद जया बच्चन ने कहा कि बॉलीवुड को बदनाम करने की साजिश चल रही है। मनोरंजन उद्योग में लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से ट्रोल किया जा रहा है। उन्होंने एक्ट्रेस कंगना रनौत का नाम लिए बिना कहा कि इस इंडस्ट्री में अपना नाम बनाने वाले लोग इसे अब गटर बता रहे हैं। बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में बार-बार बयान देकर चर्चा में आई कंगना रनौत ने बीते 26 अगस्त को ट्विटर के जरिए बॉलीवुड को गटर कह डाला था। जया ने कहा, ÷मैं इस तरह की बातों से पूरी तरह से असहमत हूं। मुझे उम्मीद है कि सरकार ऐसे लोगों को इस तरह की भाषा का उपयोग नहीं करने के लिए कहेगी। सिर्फ कुछ लोगों के कारण आप पूरी इंडस्ट्री की छवि को धूमिल नहीं



कर सकते।÷ गोरखपुर के सांसद रवि किशन का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, ÷मुझे शर्म आती है कि कल लोकसभा में हमारे एक सदस्य, जो फिल्म उद्योग से हैं, ने इसके खिलाफ बात की। यह शर्मनाक है। जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं। गलत बात है। बीजेपी सांसद रवि किशन ने सोमवार को लोकसभा में बॉलीवुड के तथाकथित ड्रग?स कनेक?शन को लेकर बयान दिया था। उन?होंने कहा था हमारे फिल्म इंडस्ट्री में ड्रग?स पैठ बना चुकी है। रवि किशन ने दावा किया था कि पाकिस्तान एवं चीन से मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है तथा यह देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री हर रोज 5 लाख लोगों को सीधा रोजगार देती है। देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और चीजों से ध्यान हटाने के लिए हमारा इस्तेमाल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर हमपर निशाना साधा जा रहा है। हमें सरकार से भी समर्थन नहीं मिल रहा है। जिन लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री के सहारे ही नाम कमाया उन्होंने इस गटर कहा। इस इंड्रस्टी में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो सबसे ज्यादा टैक्स देते हैं, लेकिन उन्हें भी परेशान किया जा रहा है। सपा सांसद ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री को लेकर कई वादे किए गए, लेकिन वो कभी पूरे नहीं हुए। जया बच्चन ने कहा, ÷सरकार को एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के समर्थन में आना चाहिए। ये इंडस्ट्री हमेशा सरकार को मदद देने के लिए आगे आती रही है। सरकार जो भी अच्छा काम करती है हम उसका समर्थन करते हैं। जब कोई आपदा आती है तो बॉलीवुड के ही लोग मदद करते हैं।÷ जया बच्चन ने कहा कि मुझे लगता है सरकार को एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की मदद करनी चाहिए, इंडस्ट्री को सरकार के समर्थन की जरूरत है।



# भगवान श्रीराम का शिला रथ यात्रा हुई संपन्न

**पोरसा।** भगवान श्री राम जी का मंदिर जो अयोध्या में निर्माण हो रहा है उसकी आधारशिला स्वरूप रथ यात्रा 5 सितंबर से पोरसा अम्बाह के सभी ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतो तथा शहर पोरसा में भ्रमण करने के बाद आज पोरसा में सभी वार्डों में भ्रमण हुआं रथ यात्रा का समापन श्री नागाजी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ श्री राम निर्वाण रथ महोत्सव यात्रा शिला पूजन कार्यक्रम महामंडलेश्वर महंत राम लखन दास जी महाराज नागाजी सरकार के सानिध्य में शिला पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर सभी मंडल अध्यक्ष पूर्व विधायक कमलेश जाटव के द्वारा दिनांक 5,,9 ,,2020 को 1008 श्री ऋषि महाराज के यहां से प्रारंभ होकर अंबा ग्रामीण अंबा नगर पोरसा ग्रामीण नगर मंडल व पोरसा नगर मंडल में भ्रमण करते हुए आज दिनांक 15 नौ 2020 को नागाजी मंदिर प्रांगण में समापन हुआ,,,,, रथ यात्रा का समूचे शहर एवं ग्राम ग्रामों में स्वागत हुआ जगह-जगह ,,राम कुमार दास महंत जी के समक्ष समापन हुआ जिसमें पूर्व विधायक बंशीलाल जाटव, मुन्ना सिंह तोमर, खेम सिंह भदोरिया, अन्नू गुप्ता ,राम कुमार गुप्ता, दिनेश शर्मा, रामवीर सिंह तोमर ,राम सिंह तोमर, अखिलेश शर्मा ,सुरेंद्र सिंह तोमर, धीरज पचौरी, राकेश उपाध्याय, गिर्राज तिवारी, साहब सिंह तोमर,गब्बर सखबार,अभिनव छारी, अरविंद तोमर,संदीप उपाध्याय,कल्लू वर्मा, अवधेश राजोरिया,रंजीत सिंह तोमर, सौरभ सिंह तोमर, लोकेंद्र सिंह तोमर, शिवराज सिंह तोमर,बीरू सिंह तोमर, आशीष सिंह तोमर, आदि कई भक्त गण एवं बीजेपी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे

# विकलांग बल संगठन ने जिले के दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन।

**श्योपुर।** मध्य प्रदेश विकलांग बल जिला श्योपुर की इकाई ने जिले के दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आठ सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया जिसमें प्रमुख रूप से विकलांग रेखा आदिवासी जो कि निराश्रित है व अपने बच्चो के साथ दर बदर भटक रही है उसे शासन स्तर से मदद करते हुए रहने के लिए उचित जगह ओर जीवन निर्वाह हेतु रोजगार व भोजन की उचित व्यवस्था करना, जिले में विकलांग अपने विकलांग प्रमाणपत्र बनवाने के लिए केम्प के माध्यम से सभी विकलांगता भ प्रमाणपत्र बनवाना,ऐसे विकलांग जोकि ठीक से चल भी नही पाते सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा सूचीबद्ध कर उन्हें शासन की योजनाओं के अंतर्गत ट्राइसाइकिल प्रदान करना,जिन लोगों को विकलांग पेंशन नही मिल



रही है या जिन लोगो की पेंशन बंद कर दी गई है उन्हें प्रत्येक माह पेंशन प्रदान करना, जिले में विकलांग जनों के लिए खेल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराना,प्रत्येक वर्ष विकलांगों के विवाह के जोड़े बनवाने हेतु परिचय सम्मेलन आदि का आयोजन करना, शासन की योजना के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति विकलांग जन से विवाह करता है या करती है तो उन्हें 2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करना, विकलांगों के लिए केम्प लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना,आदि मांगो की मांग की गई ओर सभी मांगे पूर्ण ना होने की दशा में अपने अधिकारों के लिए संवैधानिक तरीके से क्रमबद्ध तरीके से धरना आदि करने बात कही उक्त ज्ञापन प्रतिनिधि मंडल के द्वारा दिया गया जिसमें प्रमुख रूप से विनोद पाठक जिलाध्यक्ष, सलाहकार देवेंन्द्र शर्मा, सोनू गोयल, भरत शर्मा, मुस्तफा दाउदी, शिवरतन चौहान, संजय वर्मा, सद्दाम खान, रेखा आदिवासी, आरिफ खान, शानू खान, आदि उपस्थित रहे!!

# जय बांग्ला से बुजुर्गों में खुशी की लहर

**ब्यूरो चीफ अमन राय**

पश्चिम बंगाल सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है.जय बंगला पेंशन योजना. पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2020 को इस योजना की शुरुआत की गई है. इस योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जिनका उम्र 60 वर्ष के ऊपर है उन लोगों को सरकार द्वारा पेंशन देने की योजना की शुरुआत की गई है.



वही आज दुर्गापुर के 20 नंबर वार्ड अंतर्गत हैवी इंजीनियर स्कूल मैं एक शिविर का आयोजन किया गया था. जहां मुख्य रूप से उपस्थित थे दुर्गापुर के महकमा शासक अनिर्बन कोले दुर्गापुर म्युनिसिपल कारपोरेशन के सेक्रेटरी अभिजीत कुमार घोष एवं अन्य अधिकारीगण. महकमा शासक अनिर्बान कोलें ने बताया कि जय बांग्ला पेंशन योजना अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति लोगों के लिए है जिनका उम्र 60 वर्ष से ऊपर है उनके लिए यह योजना की शुरुआत की गई है. उन्होंने बताया कि ऐसे बहुत लोग हैं जो इस योजना के बारे में नहीं जानते एवं व सरकारी कार्यालय तक भी नहीं पहुंच सकते है. उनके समस्याओं को ध्यान में रखते हुए दुर्गापुर के विभिन्न वार्डों में यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोग अपने घर के सामने ही शिविर में जाकर सब जरूरी दस्तावेज को जमा कर इस योजना से जुड़ सकते हैं. उन्होंने यह भी बताया कि हमारे प्रयास है कि लोग इसी महीना से इस योजना से लाभान्वित हो सके.महकमा शासक के इस प्रयास से लोगों में प्रशासन के प्रति वाहवाही देखी जा रही है.

# जान से मारने की नियत से बंदूक से फायर करने वाले आरोपी की जमानत खारिज

**राजेश नरवरिया**

**मेहगांव (भिंड)।** आरोपी मुलायम सिंह की ओर से माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय मेहगांव भिंड में अग्रिम जमानत आवेदन अंतर्गत धारा 438 द0प्र0सं0 प्रस्तुत किया गया जिस पर अभियोजन द्वारा मामले की गंभीरता के आधार पर घोर आपत्ति की गई। जिससे सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपी मुलायम सिंह अग्रिम जमानत आवेदन( अंतर्गत धारा 438 दं0प्र0सं0) निरस्त कर दिया। मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि घटना दिनांक 26.07.2020 को रात करीब 09:00 बजे फरियादी लोडर को राजबरेठी समरथ राजपूत के यहां ले जा रहा था। जैसे ही राजबरेठी के कच्चे रास्ते पर पहुँचा तभी राजबरेठी के बबलू राजपूत,मोदी राजपूत,बंटी राजपूत,कृपा राजपूत आये एवं छोटे , भालू ने लोडर के सामने मोटर साईकिल रोक ली जिनमें छोटे के पास 315 बोर की बंदूक थी मुलायम के हाथ में कट्टा था छोटे ने लोडर के टायर में गोली मारी,मुलायम ने गोली मारकर लोडर का पिछला टायर फाड़ डाला, छोटे ने लोडर के सामने गोली मारी जो रेडियेटर में लगी अगर रेडियेटर में न लगती तों जान भी जा सकती थी। आरोपियों ने फरियादी से शराब के लिये पैसे मांगकर, उसकी लोडिंग गाड़ी के टायर में गोली मारकर,फरियादी की मार-पीट कर रास्ता रोंका व फरियादी के साथ आपराधिक मानव वध का प्रयत्न कर भादवि0 की धारा 308,327,427,341,323,34 का अपराध कारित किया। फरियादी द्वारा उक्त कृत की शिकायत थाना अमायन में की गई थी। जो कि अपराध क्रमांक 85/2020 पर पंजीबद्ध की गई।

# जन सामान्य को कोरोना संक्रमण की घातकता से अवगत कराएं

**भिण्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वैश्विक स्तर से प्रदेश तक कोरोना महामारी की गंभीर होती स्थिति के कारण सजगता और सतर्कता जरूरी है। कोरोना संक्रमण की घातकता को समझना और उससे डरना आवश्यक है। तभी हर व्यक्ति कोरोना से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी का गंभीरता से पालन करेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार कोरोना नियंत्रण और प्रबंधन के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ भी प्राण-प्रण से लगे हैं। अभी कोरोना की दवा उपलब्ध नहीं है, इसमें समय लगना संभावित है। अतरू समाज को इस दिशा में और अधिक गंभीर होना होगा। सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं को सक्रिय होकर जन-जन को कोरोना से बचाव की सावधानियां अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा। यह वातावरण बनाना होगा कि यह मजबूरी नहीं अपने बचाव और सुरक्षा के लिए जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में कोरोना प्रबंधन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

# पार्टी से निष्कासित सदस्य के अन्य पार्टी में जाने से नहीं होगा कोई नुकसान



**किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशीष गुर्जर कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय मुद्गल उर्फ टोनी के साथ प्रेस वार्ता का आयोजन**

**किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशीष गुर्जर ने बताया रामनारायण हिंडोलिया को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष हिंडोलिया कि नहीं है पार्टी में सदस्यता, डॉक्टर गोविंद सिंह के खास माने जाते हैं हिंडोलिया**

**भिंड गोहद।** सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस पर किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशीष गुर्जर कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय मुद्गल उर्फ टोनी के साथ एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया द्वारा समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने पर आरोप लगाते हुए कहा कि रामनारायण हिंडोलिया कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिए गए थे वह कांग्रेस पार्टी के सदस्य ही नहीं थे उन्होंने जो अपने गुरु के साथ गद्दारी की है उसकी पार्टी को उम्मीद नहीं थी प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए आशीष गुर्जर ने कहा जब मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार थी गोहद में भी भाजपा के मंत्री थे उस समय मध्य प्रदेश के अंदर भिंड जिले में कांग्रेस का जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया को निर्विरोध चुना गया था जबकि पूरे मध्यप्रदेश में ऐसा कहीं नहीं हुआ था हिंडोलिया डॉक्टर गोविंद सिंह के चहेते माने जाते थे लेकिन उन्होंने टिकट न मिलने से नाराजगी पूर्ण समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली वह उनके गुरु गोविंद सिंह के साथ दगाबाजी थी आपकी पार्टी में किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं है सभी कांग्रेस पदाधिकारी आम जनता के साथ संपर्क करते हुए मेवाराम जाटव को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे सभी मतदाता बंधु भी मेवाराम जाट को जिताने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं लोगों की मांग थी कि स्थानीय प्रत्याशी को टिकट दिया जाए जिस पर पार्टी हाईकमान ने ग्राम सिलोहा वर्तमान में वार्ड नंबर 4 निवासी मेवाराम जाटव को टिकट देकर स्थानीय मतदाताओं की मांग पूरी की है जिसे जिताने के लिए पूरी पार्टी हर प्रयास कर रही है

# चार माह से वेतन न मिलने से कम्प्यूटर ऑपरेटरों के जीवन में आया संकट

**दो वक्त की रोटी का भी जुगाड़ करना हो रहा मुश्किल**



**अशोकनगर।** जिला शिक्षा कार्यालय के हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलो में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को पिछले चार माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। जिससे उनके परिवार के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया। वेतन नहीं मिलने से वह दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं, हालात ऐसे हो गए हैं की उन्हें हर माह ठेका एंजेसी द्वारा वेतन न दिए जाने से वह कर्ज के बोझ तले दब गए हैं, जिससे वह अत्यधिक शोषण के शिकार हो गए हैं। जिसको लेकर समस्त ऑपरेटरों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही वेतन दिलवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने कलेक्ट्रेट पहुंचे कम्प्यूटर ऑपरेटरो ने बताया कि करीब 20 कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने द्रवित मन से लिखित शिकायत करते हुए बताया है की उन्हें विगत 4 माह से वेतन नहीं मिला है। ऑपरेटरो ने बताया कि चार माह से वेतन न मिलने के कारण उनकी आर्थिक व परिवारिक दोनों स्थिति खराब हो गई है। उनका कहना है की उनका पूरा परिवार उन पर ही आश्रित है, जिनके वेतन से ही उनके परिवार को दो वक्त की रोटी का जुगाड़ हो पाता है, लेकिन अब वह अपने परिवार व स्वयं के लिए दो वक्त की रोटी का भी बमुश्किल जुगाड़ कर पा रहे हैं।

# भिण्ड कलेक्टर ने किये 11 कंटेनमेंट एरिया घोषित

**भिण्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत द्वारा वार्ड क्र.35 राधा कॉलौनी फल मण्डी के पास भिण्ड जिसकी चतुर सीमा पूरब में कच्ची रोड, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में खाली प्लाट, वार्ड क्र.11 सदर बाजार गोरमी जिसकी चतुर सीमा पूरब में आबादी, पश्चिम में सदर बाजार रोड, उत्तर, दक्षिण में आबादी, वार्ड क्र.2 गोरमी जिसकी चतुर सीमा पूरब में खाली जगह, पश्चिम में सडक, उत्तर में आम रास्ता, दक्षिण में खाली प्लाट, वार्ड क्र.05 सांई मोहल्ला मेहगांव जिसकी चतुर सीमा पूरब, पश्चिम में आबादी, उत्तर में खेती, दक्षिण में रास्ता, वार्ड क्र.15 लहार जिसकी चतुर सीमा पूरब में फर्द जगह, पश्चिम में रास्ता, उत्तर, दक्षिण में फर्द जगह, गांधी नगर भिण्ड जिसकी चतुर सीमा पूरब में आबादी, पश्चिम में रोड, उत्तर, दक्षिण में आबादी, वार्ड क्र.12 धर्मपुरी भिण्ड चतुर सीमा पूरब में आबादी, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में सडक, भूता कम्पाउण्ड भिण्ड जिसकी चतुर सीमा पूरब, पश्चिम में आबादी, उत्तर में रोड, दक्षिण में भूता कम्पाउण्ड, वार्ड क्र.7 मेहगांव जिसकी चतुर सीमा पूरब में रोड, पश्चिम में आबादी, उत्तर में मौ रोड, दक्षिण में आबादी, वार्ड क्र.02 भारद्वाज नगर मेहगांव चतुर सीमा पूरब में रास्ता, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में आबादी, वार्ड क्र.2 पंचमढी नगर खेरियातौर मेहगांव जिसकी चतुर सीमा पूरब, पश्चिम, उत्तर में रास्ता, दक्षिण में आबादी को कंटेनमेंट एरिया घोषित किया गया है।

# पूर्व विधायक ने युवा स्वाभिमान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश में होने वाले सभी विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवा स्वाभिमान यात्रा निकाली जा रही है। उक्त आशय की जानकारी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र लोधी द्वारा दी गई उन्होंने बताया कि 15 से 30 सितंबर तक निकाली जाने वाली यात्रा में युवा मोर्चा द्वारा पिछली कांग्रेस सरकार के 15 माह के कार्यकाल में युवाओं के साथ किए गए अन्याय और वादाखिलाफी के बारे में लोगों को बताया जाएगा। यह यात्रा उन सभी विधानसभा क्षेत्रों में निकाली जा रही है। जहां उपचुनाव होना है। मंगलवार को पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने बताया कि मोर्चा द्वारा ग्राम केंद्र एवं नगर केंद्रों पर युवा स्वाभिमान यात्रा ले जाई जाएगी। जहां युवा मोर्चा बाइक रैली के रूप में 11 बाइकों से हर पोलिंग बूथ



पर पहुंचेगा और भाजपा सरकार ने जो 15 साल में युवा हितेषी योजनाएं चलाई थीं वह सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को कांग्रेस सरकार ने उसके 15 महीने की कुशासन के समय बंद कर दी थी यह युवाओं को बताया जाएगा। यात्रा को विधानसभा के चारों मंडलों के लिए रवाना किया गया। यह यात्रा विधानसभा क्षेत्र के अशोकनगर मंडल, ग्रामीण मंडल, राजपुर मंडल, शाढोरा मंडल के सभी ग्राम केंद्रों एवं नगर केंद्रों में तक जाएगी। जहाँ युवा मोर्चा युवाओं के बीच पहुंचकर भाजापा की केंद्र सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को युवाओं तक पहुंचाएगा और डेढ़ साल की कांग्रेस सरकार की नाकामियों को गिनायेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश रघुवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष नीरज मनोरिया, विधानसभा संचालक रविंद्र दुबे, युवा मोर्चा विधानसभा प्रभारी रितेश बिरथरे, सह प्रभारी शैलेंद्र भटनागर, राघवेंद्र वशिष्ठ, मंडल अध्यक्ष हरीश जैन एवं युवा मोर्चा के विश्वीर धाकड़, रामकुमार रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, सत्येंद्र लोधी, दीपक रघुवंशी, शिवाजी भोसले, कार्तिक शर्मा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंत्रि-परिषद बैठक के पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंत्रियों से चर्चा

# प्रधानमंत्री मोदी गौरवशाली भारत का निर्माण कर रहे हैं भारत बना है महाशक्ति



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश में 16 सितंबर से 23 सितंबर तक गरीब कल्याण सप्ताह में मंत्रियों को जन-कल्याण के कार्यक्रमों में सहभागिता करने को कहा है। यह कार्यक्रम निरंतर 8 दिन राज्य और जिला स्तर पर होंगे। फेसबुक, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इन कार्यक्रमों से लाखों लोग जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इन कार्यक्रमों से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश सभी विभागों को दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम किसी एक या दो विभाग के न होकर राज्य सरकार के हैं। इनसे जन-जन के कल्याण का उद्देश्य पूर्ण हो रहा है। अत: कार्यक्रमों में प्रत्येक विभाग सक्रिय रूप से शामिल हों। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने के पूर्व मंत्रियों से चर्चा करते हुए कहा कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री मोदी का जन्म दिवस है। वह एक व्यक्ति नहीं संस्था हैं। उनके ह्रदय में बचपन से निर्धनों के प्रति करूणा का भाव रहा है। उनके बाल्यकाल से साहस के वृतांत जानने को मिलते रहते हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वामी विवेकानंन्द का साहित्य पढ़ा और समाज सेवा के लिये जीवन अर्पित किया है। वे जिस भी संगठन से जुड़े, उसे गतिशील बनाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा जब गुजरात की बेहाल दशा थी, तब श्री मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने और उन्होंने गुजरात की काया पलट कर दी। गुजरात मॉडल भी लोकप्रिय हो गया। श्री मोदी कला, संस्कृति, इतिहास के अध्येता हैं। वर्ष 2014 से उन्होंने गौरवशाली, वैभवशाली और समृद्ध भारत के निर्माण के लिये प्रभावी कदम उठाये हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री मोदी के सक्षम नेतृत्व मे भारत एक महाशक्ति बन गया है। सर्जिकल स्ट्राइक का उदाहरण हो या चीन से जूझने का निर्णय, उन्होंने देश को बदल कर रख दिया है। अयोध्या के मामले के साथ ही कश्मीर से धारा 370 समाप्त करने का मामला हो अथवा तीन तलाक और नागरिकता कानून का विषय हो ,उनके साहस से सभी परिचित हैं। वे राष्ट्रभक्ति के भाव से कार्य करने वाले योगी प्रधानमंत्री हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश में गरीब सप्ताह के अंतर्गत 16 सितम्बर से 23 सितम्बर तक विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम गरीबों की जिंदगी में प्रसन्नता के रंग भरेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि 16 सितम्बर को अन्न उत्सव का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर आंगनवाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को दूध बांटा जाएगा। इसी दिन सरपंचों के उन्मुखीकरण और लाड़ली लक्ष्मी योजना की राशि का वितरण भी होगा। मंत्रिगण इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि 18 सितम्बर को 18 लाख किसानों के खातों में साढ़े चार हज़ार करोड़ रुपए की फसल बीमा राशि जमा की जाएगी। इसी तरह 19 सितम्बर को वनाधिकार पट्टों का वितरण और 20 सितम्बर को स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिये उनको 150 करोड़ रूपये की राशि देने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि 21 सितम्बर को ग्रामीण क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित किया जाएगा। जिसमें प्रति हितग्राही 10-10 हजार रूपये की ऋण राशि, कार्यशील पूंजी के रूप में प्राप्त कर अपने लघु व्यवसाय का उन्नयन कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने किया मोदी जी पर केन्द्रित प्रदर्शनी का उदघाटन

## पीएम मोदी के जीवन से प्रेरित होकर सेवा कार्य में जुट जाएं कार्यकर्ता



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संपूर्ण जीवन सेवा को समर्पित है। मोदी जी योजनाओं के माध्यम से पीड़ित मानव और गरीबों की सेवा कर रहे हैं। चाहे उज्जवला योजना हो या प्रधानमंत्री आवास योजना, मोदी सरकार की हर योजना गरीबों को समर्पित है। इसका कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन में गरीबों के लिए सेवा का भाव है। यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और प्रदेश सरकार सेवा सप्ताह के रूप में मनाते हुए सेवा कार्य में जुटी है। कार्यकर्ता मोदी जी के जीवन से प्रेरित होकर सेवा कार्य में जुट जाएं। प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर लगाई चित्र प्रदर्शनी से आमजन मोदी जी के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं और उनके निर्णयों से अवगत होंगे। यह बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में चित्र प्रदर्शनी का उदघाटन करते हुए कही। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने चित्र प्रदर्शनी के उदघाटन अवसर पर कहा कि एक समर्पित कार्यकर्ता, कुशल संगठक और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में कठिन से कठिन निर्णय लेने की क्षमता है। श्रीराम-मंदिर निर्माण, सीएए, तीन तलाक, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण इसके कुछ उदाहरण हैं। वे एक व्यक्ति नहीं, एक संस्था हैं। उनके जीवन के विविध पहलुओं को इस प्रदर्शनी को देखकर पता चलता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवन से हमें सेवा, समर्पण, सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भारत के निर्माता हैं। वे गरीबों के भगवान हैं, भारत की शान हैं। हमारा सौभाग्य है कि उनके जन्मदिन पर हमें सेवा सप्ताह मनाने का अवसर मिला है। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी सेवा सेप्ताह के रूप में मना रही है। सरकार मध्यप्रदेश में गरीब सप्ताह मनायेगी, जिसके अंतर्गत 16 सितंबर से 23 सितंबर तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों को लाभान्वित करने के कार्यक्रम होंगे।

## शिवपुरी पॉलीटेक्निक सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में होगा विकसित



भोपाल । शिवपुरी पॉलीटेक्निक कॉलेज को सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। सभी प्रकार के आधुनिक तकनीक से लैस यह कॉलेज एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करेगा। यह बात तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने सोमवार को विभागीय गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कही। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि प्रदेश के पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आई.टी.आई. को सशक्त और आकर्षक बनाना है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में बच्चों की संख्या कम क्यों है, इस पर गहन विचार होना आवश्यक है। वर्तमान में विद्यार्थियों का रूझान इस ओर बढ़े इसके लिए पारंपरिक पाठ्यक्रमों में बदलाव तथा जागरूकता की भी जरूरत है। युवाओं को यह जानकारी होना चाहिए कि इन पाठ्यक्रमों से किस प्रकार रोजगार के अवसर उत्पन्न किए जा सकते है। मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कर इसे रोजगारन्मुखी बनाया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को ऑनलाइन काउंसलिंग, प्रवेश प्रक्रिया आदि की मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिये। प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा श्रीमती करोलिन खोंगवार ने बताया कि शिवपुरी पॉलीटेक्निक कॉलेज को सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में जल्द ही फेस रिकगनिशन उपस्थिति, ऑनलाइन स्टूडेंट फीडबेक, ऑनलाईन स्टूडेंट ग्रीवान्स सिस्टम, 50 सीटर बालिका छात्रावास आदि प्रस्तावित है। आयुक्त, तकनीकी शिक्षा श्री पी.नरहरि ने जानकारी दी कि आगामी तीन माह में शिवपुरी पॉलीटेक्निक कॉलेज पूर्णतः वाईफाई कैम्पस में परिवर्तित होगा। साथ ही हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी, ई-लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास रूम, कैरियर एवं प्लेसमेंट सेल, मल्टीयूटिलिटी नॉलेज सेन्टर आदि कार्य भी जल्द पूर्ण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिवपुरी पॉलीटेक्निक कॉलेज को ए.आई.सी.टी.ई के मानकों के अनुसार विकसित किया जायेगा। कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कौशल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अधिकारियों की जवाबदेही तय करें। निर्माणाधीन आई.टीआई भवनों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## आध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर द्वारा यथासमय पुस्तक का विमोचन



**भोपाल।** आध्यात्म, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने मंगलवार को जवाहर बाल भवन के संचालक डॉ. उमाशंकर नगायच द्वारा लिखित पुस्तक %यथासमय% का विमोचन किया। अपर मुख्य सचिव आध्यात्म श्री मनोज श्रीवास्तव और संचालक संस्कृति श्री अदिति कुमार त्रिपाठी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। पुस्तक की भूमिका अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव ने लिखी है। पुस्तक %यथासमय% ऐसे शोध आलेखों का संग्रह है जिनका सृजन समय-समय पर सामयिक आवश्यकता और अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रत्येक आलेख ज्ञान के विकास, अवधारणात्मक स्पष्टता और शोध प्रवण प्रवृत्ति से समृद्ध है। यह विकीर्ण और स्फुट निबंधों का संकलन नहीं है क्योंकि इन सब लेखों को एक सूत्र में पिरोने वाली है - भारतीय सांस्कृतिक दृष्टि। स्वामी दयानंद सरस्वती, महर्षि पतंजलि, आदिशंकराचार्य, गुरू गोविंद सिंह, भगवान श्री कृष्ण, कवि निराला आदि पर काफी रोचक लेख हैं।

## 16 से 23 सितम्बर तक मनेगा गरीब कल्याण सप्ताह

### मुख्यमंत्री चौहान 17 सितम्बर को नवनिर्मित 601 आँगनवाड़ी भवनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे

**भोपाल।** प्रदेश में 16 से 23 सितम्बर तक गरीब कल्याण सप्ताह मनाया जा रहा है। गरीब कल्याण सप्ताह के तहत प्रत्येक दिन अलग-अलग विभागों से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुक्रवार 17 सितम्बर महिला-बाल विकास विभाग के लिए निर्धारित है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जिलों में चिन्हाकिंत नवनिर्मित 601 ऑगनवाड़ी भवनों का वर्चुअल लोकार्पण सिंगल क्लिक के माध्यम से करेंगे। आँगनवाड़ी स्तर पर कुपोषित बच्चों को दूध वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान बच्चों की माताओं से संवाद भी करेंगे। गरीब कल्याण सप्ताह के अंतर्गत 17 सितंबर को मुख्यमंत्री डिण्डोरी जिले के तेजस्विनी समूह तथा अन्य स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना की बालिकाओं को छात्रवृत्ति का भुगतान सिंगल क्लिक के माध्यम से करेंगे।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना स्वीकृत कर खेतों तक पानी पहुँचाया जाएगा: मुख्यमंत्री चौहान



**किसानों की प्रभावित फसलों का सर्वे कर हरसंभव मदद की जाएगी**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अतिवृष्टि के कारण जिन किसानों की फसलें खराब हुई हैं, उनका सर्वे कर हरसंभव सहायता की जाएगी। किसानों के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना को स्वीकृत कर छतरपुर जिले के प्रत्येक खेत तक पानी पहुँचाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छतरपुर जिले की तहसील बड़ामलहरा के ग्राम लिधौरा में काठन वृहद सिंचाई परियोजना के भूमिपूजन एवं हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर 544 करोड़ रूपए की लागत विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। जिसमें 394 करोड़ रूपए की काठन सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन भी शामिल है। इस परियोजना से 74 गांव के 15 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। जिनमें वन अधिकार पट्टों का वितरण, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राही शामिल हैं। हुआ। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुश्री उमा भारती, लोक निर्माण मंत्री पं. गोपाल भार्गव, सांसद श्री व्ही.डी. शर्मा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह लोधी, विधायकगण सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि क्षेत्र में विकास के जो कार्य ठप्प हो गए थे, उन्हें पुन: प्रारंभ किया जाएगा। स्थानीय उद्योगों, जिले की हीरों की खदानों में 75 प्रतिशत नौकरियाँ बुंदेलखण्ड के युवाओं को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि छतरपुर में मेडिकल कॉलेज का कार्य शुरू किया जाएगा। संबल योजना में गरीबों को लाभ दिलाया जाएगा। किसानों के साथ अब न्याय होगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि 18 सितम्बर को 20 लाख किसानों के खातों में फसल बीमा 4600 करोड़ की राशि डाली जाएगी, 16 सितम्बर को मध्यप्रदेश के 37 लाख लोगों को 1 रूपए प्रति किलो की दर से गेहूँ मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से छतरपुर जिले के 88 हजार 773 गरीबों को सस्ता राशन मिलना शुरू हो जाएगा। जल-जीवन मिशन के तहत प्रत्येक गांव नलों से पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लिधौरा में स्टेडियम बनेगा, हाईस्कूल का उन्नयन होगा, घुवारा में अगले सत्र से कॉलेज शुरू होगा, भीमकुण्ड पर्यटन स्थल बनेगा, बड़ामलहरा में 100 बिस्तर का अस्पताल उन्नयन होगा। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुश्री उमा भारती ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें गम्भीरता, परिपक्वता, सहनशीलता और शालीनता हैं। जितने अच्छे तरीके से वे सरकार चला रहे हैं उतने अच्छे से मैं भी नहीं चला पाती। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक गृहस्थ संत की तरह लोगों की सेवा कर रहे हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर देश के बनाने में मध्यप्रदेश एक मॉडल स्टेट के रूप में कार्य करेगा। यहां सारे संसाधन उपलब्ध हैं। परिश्रम करने वाले लोग हैं।

संपादकीए

## कोरोना की चुनौतियां

भारत में कोरोना के मामलों में इजाफा जारी है, लेकिन राहत की बात यह है कि इस दौरान वायरस से उबरने वाले मरीजों की संख्या भी इसी रफ्तार से बढ़ रही है। सोमवार को भारत ने कोविड-19 रोगियों के ठीक होने की संख्या के मामले में ब्राजील को पीछे छोड़ दिया है। देश में अब तक 37 लाख 80 हजार 107 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं। दुनिया भर में अब तक कुल तीन करोड़ से ज्यादा लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं, जिनमें से एक करोड़ 96 लाख 25 हजार 959 लोग ठीक हो चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में संक्रमण से मुक्त होने की दर 78 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो दर्शाता है कि भारत में संक्रमित तेजी से ठीक हो रहे हैं। कोरोना महामारी से निपटने की चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। हर दिन संक्रमण और संक्रमण से होने वाली मौतों के आंकड़े नई ऊंचाई छू रहे हैं। कहा जा रहा है कि जांच में तेजी आने के कारण संक्रमितों की पहचान भी तेजी से हो रही है, इसलिए आंकड़े कुछ बढ़े हुए दर्ज हो रहे हैं। पर कुछ लोगों को शिकायत है कि जांच में अपेक्षित गति नहीं आ पा रही है। खुद केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने भी असंतोष व्यक्त किया है कि कुछ राज्यों ने जांच के मामले में मुस्तैदी नहीं दिखाई, जिसके चलते वहां संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े। जब जांच में तेजी नहीं आ पा रही तब कोरोना के मामले दुनिया के अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां चिंताजनक रफ्तार से बढ़ रहे हैं, तो इसमें और तेजी आने पर क्या स्थिति सामने आएगी, अंदाजा लगाया जा सकता है। पिछले एक सप्ताह में भारत में कोरोना के मामले दुनिया में सबसे अधिक दर्ज हुए। अमेरिका, ब्राजील जैसे उन देशों को भी पीछे छोड़ कर हम आगे बढ़ गए हैं, जहां दुनिया में अभी तक सबसे अधिक मामले दर्ज हो रहे थे। यह निस्संदेह केंद्र और राज्य सरकारों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। लॉकडाउन और सामाजिक दूरी के पालन को लेकर सख्ती आदि उपाय आजमाए जा चुकने के बाद भी संक्रमण तेजी से फैल रहा है, तो इस पर काबू पाने के लिए कोई नई और व्यावहारिक रणनीति बनाने पर विचार होना चाहिए। यह सही है कि जांच में तेजी आएगी, तो संक्रमितों की पहचान भी जल्दी हो सकेगी और उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। मगर जांच के मामले में राज्य सरकारों का रवैया कुछ ढीला-ढाला ही नजर आ रहा है। दिल्ली सरकार ने जरूर इजाजत दे दी है कि अब बिना डॉक्टर की पर्ची के भी लोग खुद जांच करा सकते हैं। दिल्ली में जांच के केंद्र कुछ अधिक हो सकते हैं, पर दूसरे राज्यों में जांच की सुविधा इतनी उपलब्ध नहीं है कि लोग उनका लाभ उठा सकें। दूर-दराज के उन गांवों के लोगों की परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है, जो इस वक्त बाढ़ की विभीषिका झेल रहे हैं या फिर जिन गांवों तक सड़क भी नहीं पहुंची है और लोगों को मरीज को चारपाई पर ढोकर अस्पताल ले जाना पड़ता है। वे तो इसी आस में हैं कि सरकारी सहायता मिले और उनकी मुफ्त जांच हो सके। दुनिया के दूसरे देशों की तुलना में संक्रमितों के स्वस्थ होने की रफ्तार अधिक और मौतों का आंकड़ा बेशक हमारे यहां कम हो, पर इस आधार पर लापरवाही बरतने का मौका नहीं मिल सकता। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि आरटीपीसीआर जांच सबसे बेहतर है। मगर इसके साथ त्वरित एंटीजेंट परीक्षण भी चल रहे हैं। यह परीक्षण भरोसेमंद नहीं है। इस परीक्षण में अगर नतीजा नेगेटिव आता है, तो उसका आरटीपीसीआर जांच कराना जरूरी है। मगर राज्य सरकारें इसे गंभीरता से नहीं लेती देखी जा रहीं। कई राज्य सरकारों का कहना है कि इस महामारी से पार पाने के लिए उनके पास पर्याप्त धन नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से भी इसके लिए गुहार लगाई थी, पर निराशा ही हाथ लगी। ऐसे में, यह ठीक है कि स्वास्थ्य के मोर्चे पर राज्य सरकारों को ही अगली कतार में लडऩा है, पर उन्हें जरूरी संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराने के मामले में केंद्र को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

# महाराष्ट्र पर हावी होती असहिष्णुता

*डॉ शंकर*

हिंसा के जरिये जोर जुल्म से बात मनवाना असहिष्णुता है7असहिष्णुता गुंडों के द्वारा की जाती है7यही असहिष्णुता महाराष्ट्र पर काबिज होती दिख रही है7 असहिष्णुता से दृढ़ संकल्पित रूप से सामना करने की जरुरत है7रक्त से किसकी प्यास बुझती है,क्या आप जानते हैं ? पिशाचों व पशुओं की,तुम तो फिर मनुष्य ही हो7महाराष्ट्र में नियम क़ानून का प्रयोग राक्षसी प्रवृति के अनुरूप किया जा रहा है7महाराष्ट्र सरकार को सबसे बड़ी तकलीफ यही है की दूसरे राज्य से आने वाला व्यक्ति उनके राज्य में कैसे स्वतंत्र है7स्वतंत्रता का हनन करना कोई महाराष्ट्र सरकार से सीखे7पालघर में संतो की हत्या,कंगना रनौत के दफ्तर का तोड़ा जाना,कंगना रनौत को महाराष्ट्र में न आने की धमकी दिया जाना,सुशांत सिंह राजपूत की हत्या/आत्महत्या के केस को कमजोर किया जाना,महाराष्ट्र में उच्च स्तर के ड्रग्स का बड़े पैमाने पर कारोबार का होना आदि घटनाएं महाराष्ट्र सरकार की असहिष्णुता व नाकामी को दर्शाती है7इस प्रकार की असहिष्णुता गुंडाराज को चरितार्थ करती है7शिव सेना को भी चाहिए की वे महाराष्ट्र में अन्य राज्यों से





आए लोगों के साथ ऐसी कोई हिंसक प्रतिक्रिया न करें जिससे हिन्दुस्तान के दूसरे राज्यों में महाराष्ट्र के प्रति घृणा और असहिष्णुता का भाव पैदा हो7बोलने का अधिकार हमारा जन्मजात अधिकार है7यदि बोलना बंद कर दिया गया तो हमारी आवाज़ और हमारे विचार सीमित हो जाएंगे। इसलिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (क) के अंदर हमें बोलने की स्वतंत्रता दी गई है7यह हमारा मौलिक अधिकार है7अतः हम इसे लेकर न्यायालय में भी जा सकते हैं।भारतीय संविधान में स्वतंत्रता का अधिकार मूल अधिकारों में सम्मिलित है।इसकी 19 ,20,21 तथा 22 क्रमांक की धाराएँ नागरिकों को बोलने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित 6 प्रकार की स्वतंत्रता प्रदान करतीं हैं। भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारतीय संविधान में धारा 19 द्वारा सम्मिलित छह स्वतंत्रता के अधिकारों में से एक है। 19(क) वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, 19(ख) शांतिपूर्ण और निरायुद्ध सम्मेलन की स्वतंत्रता,

19(ग)संगम, संघ या सहकारी समिति बनाने की स्वतंत्रता, 19(घ)भारत के राज्य क्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण की स्वतंत्रता

19(ङ)भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र कही भी बस जाने की स्वतंत्रता,19(छ)कोई भी वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारोबार की स्वतंत्रता7कंगना ने सुशांत सिंह राजपूत के लिए इन्साफ क्या मांगा कि महाराष्ट्र सरकार और कंगना रनौत के बीच जंग छिड़ गई7महाराष्ट्र सरकार ने कंगना की बोली पर बी एम सी का बुलडोजर चलवा दिया7कंगना रनौत के दफ्तर को तहस नहस कर दिया गया। सुशांत सिंह राजपूत की हत्या/आत्महत्या केस में अभिनेत्री रिया चतुर्वेदी का ड्रग्स मामले में जेल जाना और उसके कुछ दिन बाद ही महाराष्ट्र सरकार द्वारा कंगना रनौत को धमकी दिया जाना व उनके दफ्तर का तोड़ा जाना, यह साबित करता है कि महाराष्ट्र सरकार सुशांत सिंह राजपूत हत्या/आत्महत्या के केस को गुमराह करने में शामिल रही7यही कारण रहा कि सुप्रीम कोर्ट को सी बी आई जांच का आदेश देना पड़ा7 कंगना रनौत हवाई यात्रा में थीं और उनकी अनुपस्थिति में बी.एम. सी.(बृहन्मुम्बई म्युनिसिपल कारपोरेशन) ने कंगना का दफ्तर तोड़ा7 हाई कोर्ट ने बी एम सी से पूछा कि आप कंगना रनौत की अनुपस्थिति के चलते उनके दफ्तर को क्यों तोड़ा7हाई कोर्ट बॉम्बे ने कहा जब कोरोना काल है, बी एम सी कोई भी अवैध निर्माण को ध्वस्त नहीं कर सकता7हाई कोर्ट ने 30 सितम्बर तक निर्माण को ढहाने पर रोक लगाई उसके बावजूद कंगना रनौत के घर को तोड़ा गया। यह संविधान और न्यायालय का अपमान नहीं तो क्या है? हाई कोर्ट की लताड़ के बाद महाराष्ट्र सरकार को सुधर जाना चाहिए।लोकतंत्र की हत्या,जनता स्वीकार नहीं करेगी।कंगना रनौत ने महाराष्ट्र सरकार को दो टूक बोला- मेरा घर टूटा,तेरा घमंड टूटेगा। यह कहने में आश्चर्य नहीं होगा कि महाराष्ट्र सरकार ने बी एम सी (बृहन्मुम्बई म्युनिसिपल कारपोरेशन) की कार्यवाही के बहाने कंगना के दफ्तर पर डकैती डलवाई।कंगना रनौत के साथ महाराष्ट्र सरकार जो कर रही है वो लोकतंत्र की हत्या है। कंगना रनौत को इन्साफ मिलना चाहिए। सुशांत सिंह राजपूत को इन्साफ मिलना चाहिए। दिशा सालियान की हत्या पर दिशा सालियान को इन्साफ मिलना चाहिए।पालघर में हुई संतों की हत्या पर संतों को इन्साफ मिलना चाहिए।

## हास्य व्यंग्यात्मक कविता

उलट-पुलट गए नेताजी÷
खादी का जब रॉब मिला तो
उलट-पुलट गए नेताजी,
शासन के गलियारों में ये
खूब छायं हैं नेता जी,
महा-विकास नाम इन्हीं का
सत्ता के गलियारों में है,
कुर्सी की सत्ता खातिर ही तो
खेल खेलते नेताजी भी,
करें वैध को भी अवैध ये
खादी का इन्हें रॉब मिला,
जनता के वोटों से ही तो
कुर्सी का इनको मान मिला,
कंगना को कंगना से ताला
कनक भाव तूने न समझा,
खादी के बल पर ही तूने
मिट्टी की गुड़िया था समझा,
बोल उठी माटी रज की
बोल उठेगा यह जग सारा ,
नेताओं अभिनेताओं की
सच खोलेगी ये कंगन धारा7



प्रिंस रस्तोगी...
वजीरबाग सादतगंज लखनऊ

(चिंतन-मनन)

## प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है। अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत, चित् एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं। मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है। परिचयहीन निकटता भी एक दूरी होती है। रेलयात्रा में कन्धे से कन्धा मिलाये बैठे दो आदमी अपरिचित होने के कारण समीप होने पर भी एक-दूसरे से दूर होते हैं। अजनबी छोड़िए, जिन्दगी भर एक दूसरे केसाथ रहने पर भी आन्तरिक परिचय के अभाव में कई लोग एक-दूसरे से दूर ही रहते हैं। अन्तरात्मा जानने का एक ही उपाय है कि उसके विषय में सदा जिज्ञासु तथा सचेत रहा जाए। जो जिसके विषय में जितना अधिक जिज्ञासु एवं सचेत रहता है, वह उसकेविषय में उतनी ही गहरी खोज करता है और निश्चय ही उसे पा लेता है। आत्मा के विषय में अधिक से अधिकजिज्ञासु एवं सचेत रहिए। अपनी आत्मा से परिचित होंगे, उसकी वाणी सुनेंगे, सच्चा मार्ग निर्देशन पाएंगे, तो अज्ञान से मुक्त हों यथार्थ सुख-शान्ति के अधिकारी बनेंगे।

## कविता ये उड़ना सीख जाएंगे'

परिंदों की तरह इनको
निकालो नीड़ से बाहर
हुनर दे दो उड़ानों का
ये उड़ना सीख जाएंगे!!

वो अंधा प्रेम होता है
जो बच्चों को न गढ़ पाए
उतारो सख्त भूमि पर
ये चलना सीख जाएंगे!!

जो चाहो चांद- सूरज बनके
चमकें ये जमाने में
तपिश दे दो इन्हें इतनी
चमकना सीख जाएंगे!!

पसीने की कमाई का
जो चाहो मूल्य समझाना
नवाजो न इन्हें दौलत
कमाना सीख जाएंगे!!

शिखर पर जो भी चढ़ते हैं
हजारों बार गिरते हैं
इन्हें भी गिरने-उठने दो
ये बढ़ना सीख जाएंगे!!



रश्मि मिश्रा
भोपाल (म.प्र.)

# सुदूर अंचलों तक उच्च शिक्षा व्यवस्था की पहल


भारत का उच्च शिक्षा तन्त्र अमेरिका और चीन के बाद विश्व का सबसे बड़ा उच्च शिक्षा तंत्र है। मध्यप्रदेश में राज्य सरकार ने इस तंत्र को सशक्त बनाने की पहल शुरू की है। यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय इतने सक्षम और सर्व-सुविधा सम्पन्न बनें कि हमारे छात्र-छात्राओं को यहाँ उच्च शिक्षा की सभी विश्व-स्तरीय सुविधाएँ मिलें। भारतीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने विदेश नहीं जाना पड़े बल्कि विदेशी छात्र-छात्राएँ उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित हों। प्रदेश में पहली बार वर्ष 2019 में तहसील और ग्राम स्तर तथा सुदूर आदिवासी अंचल तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान हर स्तर पर महाविद्यालयों में अधोसंरचना विकास के कार्यों को बढ़ावा दिया गया जिससे विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति



रुचि पैदा हो। राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा को कम्युनिकेशन स्किल और रोजगार से जोड़कर विद्यार्थियों को रोजगार की समस्या से निजात दिलाने की व्यवस्था स्थापित की है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को भारतीय संस्कृति की गुरुकुल परम्परानुसार सभी विषयों की उच्चतम शिक्षा का केन्द्र बनाया जा रहा है। गुरुकुल वास्तव में सावास विश्वविद्यालय (रेसीडेंशियल यूनिवर्सिटी) थे। उसी तर्ज पर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अधोसंरचना विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर प्रदेश के चुने हुए 200 महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा व्यवस्था और अधोसंरचना विकास के लिये नवाचार शुरू किये गये हैं। राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित सहायक प्राध्यापकों, लायब्रेरियन्स और खेल अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन कर दिया गया है। सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में शिक्षा सत्र-2019 से स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में विद्यार्थियों को पोर्टल शुल्क से पूरी छूट दी गई। इसी वर्ष पहली बार देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (ह्वष्ट) से प्रदेश में पहली बार महाविद्यालयीन शिक्षकों के उत्कृष्ट अकादमिक एवं शोध कार्यों की जानकारी आम नागरिकों को उपलब्ध कराने के लिये राजीव ज्ञान ज्योति अभियान चलाया गया। अभियान में शासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों के उल्लेखनीय अकादमिक एवं रिसर्च संबंधी कार्यों को विभागीय पोर्टल पर संकलित किया जा रहा है। अब तक लगभग 2200 शिक्षकों ने पोर्टल पर अपनी उपलब्धियाँ दर्ज कराई हैं। प्रदेश के सभी महाविद्यालयों की भूमि का स्वामित्व महाविद्यालय/विभाग के नाम पर खसरे में दर्ज कराने और भूमि का सीमांकन कराने के उद्देश्य से भूमि सुरक्षा अभियान शुरू किया गया। भूमि का स्वामित्व एवं सीमांकन तय हो जाने के बाद प्रत्येक महाविद्यालय के लिए उपलब्ध भूमि पर आगामी 30 वर्षों के निर्माण कार्यों का आर्किटेक्चरल प्लान तैयार किया जायेगा, जिसे समयबद्ध तरीके से वर्षवार क्रियान्वित किया जायेगा। भूमि स्वामित्व के राजस्व अभिलेख, सीमांकन दर्शाता नजरी-नक्शा और निर्माण कार्यों का आर्किटेक्चरल प्लान विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

# वैज्ञानिक युग में भी पितृपक्ष और गया का महत्व है।

गरूड़ रुराण के अनुसार समयनुसार श्राद्ध करने से कुल में कोई दुखी नहीं रहता। पितरों की पूजा करके मनुष्य आयु, पुत्र, यश, सवर्ग,, कीर्ति, पुष्टि, लब, श्री, पशु, सुख और धन-धान्य प्राप्त करता है। इस तरह पितृकार्य की महत्ता देवकार्य से भी पढ़कर मानी गई है। शास्त्रों में मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋष्ण बताए गए हैं। ये हैं देव ऋष्ण, ऋषि ऋष्ण और पित ऋष्ण। इसमें से पितृ ऋष्ण के निवारण के लिए श्राद्ध किया जाता है। श्रद्धायां इदम् श्राद्ध आर्थात पितरों के उद्देश्य से जो कर्म श्रद्धापूर्वक किया जाए, वही श्राद्ध है। ब्रहहापुराण के अनुसार श्रद्धापूर्वक किया जाए, वही श्राद्ध है। ब्रहापुराण के अनुसार श्रद्धापूर्वक किया जाए, वही श्राद्ध हैं। ब्रहापुराण के अनुसार श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करने वाला मनुष्य अपने पितरों के अलावा ब्रह्मा, रूद्र, आश्विनी कुमार, सूर्य, अग्नि वायु, विश्वदेन एवं मनुष्यगण को भी प्रसन्न करता है। आस्विन कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से अमावस्या तक का समय श्राद्ध या महालय पक्ष कहलाता है। इस अवधि के सोलहदिन पितरों अर्थात श्राद्ध कर्म के लिए विशेष रूप से निर्धारित हैं। इस अवधि में किए गए कार्यों से पूर्वजों की आत्मा को शांति प्राप्त



होती है। अमरता के सिद्धांत तो स्वयं भगवान श्री कृष्ण गीता में उपदेशित करते हैं। आत्मा जब तक परमात्मा सं संयोग नहीं कर लेती, तब तक विभिन्न योनियों में भटकती रहती है और इस दौरान उसे श्राद्ध कर्म में संतुष्टि मिलती हैं। यही कारण है कि पितरों का श्राद्ध करने का महत्व है। बिहार राज्य जिला गया में यहाँ प्रत्येक वर्ष भाद्र पक्ष की चतुदर्शी से आश्विन पक्ष की अमावस्या तक 16 दिनों का पितृपक्ष मेल लगता है इसे पितृपक्ष या पितरों का पक्ष (पखवार) भी कहा जाता है। इस अवसर पर देश-विदेश के लाखों हिन्दू धर्मावलंबी अपने पूर्वजों के नाम श्राद्ध, तर्पण एवं पिण्ड दान करे के लिए यहाँ आते हैं। ऐसी मान्यता है कि गया पुण्य क्षेत्र में पिता का श्राद्ध करके पुत्र अपने पितृऋष्ण से हमेशा-हमेशा के ऋष्ण मुक्त हो जाता है। इनके द्वारा कये गये इस पवित्र कार्य से इनके पूवजों की भटकती आत्मा को शांति मिलती है। वे प्रेतत्व से मुक्त हो जाते है। साथ ही पितरों की प्रसन्नता से श्राद्धकर्ता को भाविषय में धन-धान्य और सुख समृद्धि व सम्पत्ति की प्राप्ति होती है। इतिहास साक्षी है कभी यहाँ 365 वेदियाँथी जिस पर हिन्दू तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रतिदिन पिण्डदान करने का विधान था। तब उससमय लोगो केपास भी समय सीमा की कोई बाध्यता नही थी। पूरी निश्चिता एवं इत्मीमान की साथ वे यह कार्य संपादित करते थे। लेकिन समय के साथ-साथ लोंगो के पास समय कम होने के कारण 16 दिन के तर्पण में पित्र ऋष्ण से मुक्ति मिल जाती है। सूतजी शौनकजी से बोले कि एक समय नारदजी शौनकादि ऋषियों के साथ सनत्कुमार के पाये गेय और प्रमाण करके पूछा कि हे सनत्कुमारजी। कोई ऐसे तीर्थ की कथा सुनाईये जो मुक्तिदायक हो जिसका सुनने से मुक्ति प्राप्त हो, तब सनत्कुमारजी बोले हे नारद! ऐसा तीर्थ तो गया ही है, ऐसा पवित्र भूमि है यहाँ श्राद्ध और पिण्डदान करने से मुक्ति प्राप्त होती है। एस समय गयासुर नामक दैत्य बड़ा बली उत्तन्न हुआ है। उसके ऊपर ब्रह्माजी ने धर्मशिला रखकर यज्ञ किया। इस शिला के अचल होने के निमित विष्णु भगवान् गदाधर नाम से गदा लेकर उपस्थित हुए और सब देवता फल्गु का स्वरूप धारण करके आ विराजे। ब्रह्मा ने यज्ञ करके ब्रह्माणों को गृह रतन, स्वर्ण आदि दान दिया। तभी से यह गयापूरी पवित्र हो गयी। यहा पिंतर सदैव वास करते है और हरदम यही आशा करते है कि हमारे कुल में कोई ऐसा उत्पन्न हो जो यहाँ आकर पिण्ड दे जिससे हम लोगो की मुक्त हो। गया में पुत्र के जाने से और फल्गु नदी स्पर्श करने मात्र से लोग स्वर्ग लोक चले जाते हैं। इतनी कथा सुन नारदजी सनत्कुमार से बोले है महाराज, कृपाकर गयासुर की उत्पत्ति का वृतान्त मुझसे कहिए ऐसा विचित्र कैसे हुआ कि इसपर स्वयं ब्रह्मा ने चज्ञ किया। प्रश्न को सुनकर सनत्कुमार बोले- हे नारद एक समय स्वयं ब्रह्मा जी सृष्टि रचते समय गयासुर को उत्पन्न किया, इसने कोलाहल पर्वत पर जाकर घोर तपस्या किया और बहुत दिनों तक श्वास रोक कर खड़ा रहा। उसकी ऐसी तपस्या देखकर इन्द्र घबराये कि ही मेरा सिंहासन न ले ले। ऐसा विचार कर सब देवताओं को ले ब्रह्मा के पास गये और सब वृतान्त कहा। ब्रह्मा बोले, अच्छा चलो शिवजी से राय लेना चाहिए। तब सब कोई शिवजी के पास गये। महादेवजी ने सब देवताओं को साथ लिया और विष्णु के पास गये और प्रणाम कर स्तुति की। तब विष्णु भगवान ने सब देवताओं से पूछा कि हे देवता लोग आप सब किस कारण यहाँ आये लहैं. तब सब देवता बोले कि हे नारायण गयासुर नामक एक भारी दैत्य उत्पन्न हुआ और उसने घोर तपस्या की। हे नाथ वरदान देकर हम सबकी रक्षा कीजिए। तब विष्णु भगवान बोले- तुम लोग इसके पास चलों, मैं गरूड़ पर चढ़कर वहाँ आता हूं। सब देवताओं के चले जाने के बाद विष्णु भगवान गरूड़ पर चढ़कर गयासुर के पास आये और शंख से उसका शरीर स्पर्श कर बोले हे दैत्यराज। तुम्हारी उग्र तपस्या देखकर हम अति प्रसन्न हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार हेतु आवेदन 21 तक आमंत्रित

**मुरैना।** मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार वर्ष 2019-20 के लिए प्रस्ताव 21 सितम्बर तक आमंत्रित किए गए है। ततसंबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देश पूर्व में ही जारी किए गए है। निर्देश में समस्त विभागों के अधिकारियों को पुरस्कार की पात्रता व मापदण्ड की जानकारियां प्रेषित की गई है।

### आज विद्युत बंद रहेगी

**मुरैना।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. के उपमहाप्रबंधक ने बताया कि 33 केव्ही एवं 11 केव्ही बडपुरा उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 केव्ही फीडर पर लाइन शिफ्टिंग कार्य होने के कारण 16 सितम्बर को सुबह 9.30 से सायं 5 बजे तक पारौली, बरईपुरा, इस्लामपुरा, कोटे का पुरा, चक्रपारोली, मुब्बर का पुरा से संबंधित उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### दूरदर्शन के द्वारा डिजीलेप प्रोग्राम

**मुरैना।** कोविड-19 के संक्रमण में चलते इस सत्र में अभी तक शालायें आरंभ नहीं हो सकी है। विद्यार्थ्रियों के अध्ययन की निरंतरता के मध्यप्रदेश दूरदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। इसी अनुक्रम में हमारा घर हमारा विद्यालय कार्यक्रम 1 जुलाई से आरंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम विद्यार्थियों को प्रवेश देकर पाठ्यपुस्तक एवं घर पर पढ़ाई हेतु साप्ताहिक समय सारणी प्रदान की गई है। हमारा घर हमारा विद्यालय कार्यक्रम में प्राचार्य एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश दूरदर्शन पर प्रसारण सप्ताह में 5 दिन ऑनलाइन कक्षायें चल रहीं है।

### मातृ वंदना योजना से गर्भवती महिलायें हो रही लाभान्वित

**मुरैना।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मजदूरी के आंशिक क्षतिपूर्ति के रूप में नगद प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है, ताकि प्रथम बच्चे के प्रसव के पूर्व एवं पश्चात् बच्चों एवं मां को पर्याप्त आराम मिल सके। चम्बल संभाग मे इस योजना के तहत चालू माली साल के दौरान अगस्त 20 के अन्त तक 14 हजार 237 महिलायें लाभान्वित हुई है। सर्वाधिक 6 हजार 156 गर्भवती महिलायें मुरैना जिले में लाभान्वित हुई है। भिण्ड जिले में 5 हजार 408 और श्योपुर जिले में 2 हजार 673 महिलायें लाभान्वित हुई है। योजना के तहत नगद प्रोत्साहन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहारों में सुधार लाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है।

# समीक्षा बैठक में चंबल कमिश्नर ने नगर निगम की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति असंतोषजनक पाई

## बगैर प्रशासन की अनुमति के वित्तीय स्वीकृति निर्माण, स्थापना और नवीन नियुक्ति नहीं की जाये



**मुरैना।** नगर निगम मुरैना के प्रशासक एवं चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आर.के. मिश्रा ने नगर पालिका निगम का प्रशासक का पदभार ग्रहण करते ही नगर निगम द्वारा चल रहे निर्माण कार्यो की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की, जिसमें भौतिक एवं वित्तीय प्रगति अनुपातिक एवं अन्त्यन्त असंतोषजनक पाई गई है। नगर निगम प्रशासक एवं चंबल संभाग के कमिश्नर श्री मिश्रा ने नगर निगम के कमिश्नर श्री अमरसत्य गुप्ता, नगरीय प्रशासन के अधीक्षण यंत्री, संबंधित वरिष्ठ उपयंत्री को निर्देश दिये है कि आगामी विधानसभा उप निर्वाचन एवं वर्तमान में कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुये समस्त विभागीय निर्माण कार्यो की वित्तीय मामलों के भुगतान की नीतिगत निर्णय तथा नवीन एवं पुराने निर्माण कार्य, मरम्मत कार्यो एवं योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति, कार्यालय अन्तर्गत निर्माण एवं स्थापना के निर्णय तथा नवीन नियुक्ति किये जाने संबंधी आदेश प्रशासक की अनुमति के पारित नहीं किये जाये। अनुमति उपरान्त ही पारित किया जाना सुनिश्चित करें।

### चंबल कमिश्नर आज करेंगे संभागीय समीक्षा

**मुरैना।** चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा 15 सितम्बर 2020 माह तृतीय बुधवार को दोपहर 2.30 बजे से कमिश्नर के सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस बैठक में सभी निर्माण विभाग निर्माण एजेंसियां लोक निर्माण, म.प्र. रोड डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण जीआईयू जल संसाधन, उर्जा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास और मध्यप्रदेश ग्रह निर्माण एव अधोसंरचना विकास मण्डल के कार्यों की समीक्षा होगी

### तहसीलदार सहित 2 बीएमओ को कमिश्नर ने दिया नोटिस

बिना लेन देन किये कोई कार्य नहीं किये जाने की प्राप्त शिकायत पर चंबल कमिश्नर श्री आर के मिश्रा ने अंबाह के तहसीलदार श्री सर्वेश यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। शिकायत पत्र में तहसीलदार द्वारा हर कार्य करने की दर निर्धारित की है का उल्लंघन किया गया है। तहसीलदार द्वारा भ्रष्टाचार करने के आरोप में चंबल कमिश्नर ने तहसीलदार सर्वेश यादव द्वारा किये जा रहे अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही को परिलक्षित करता है जो एक लोक सेवक के पद के अपेक्षित आचरण के विपरीत होकर म0प्र0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम का स्पष्ट उल्लंघन है। चंबल कमिश्नर श्री मिश्रा ने तहसीलदार सर्वेश यादव की दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चंबल कमिश्नर श्री मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अटेर के बीएमओ डॉ जे एस राजपूत द्वारा बड़े पैमाने पर किये जा रहे भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की शिकायत और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द कैलारस के बीएमओ श्री एस.आर. मिश्रा द्वारा श्रीमती अर्चना पत्नि श्री यादवेन्द्र बैरागी को अनावश्यक रैफर करने से रास्ते में प्रसव होने के कारण बरती गई लापरवाही के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसी आशय का कारण बताओ नोटिस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैलारस की स्टॉफनर्स शशि शर्मा को भी जारी किया है।

**पोषण अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये विशेष ग्राम सभाओं, नगरीय क्षेत्र की समितियों की बैठक 17 सितंबर को**

# बच्चों के बाधित विकास को राष्ट्रीय औसत 38.4 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत किया जायेगा

मुरैना 15 सितम्बर 2020/ पोषण अभियान, भारत सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान है, जिसका लक्ष्य एनीमिया एवं कुपोषण के वर्तमान दर में नियत समय-सीमा में कमी लाते हुये वर्ष 2022 तक 06 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के बाधित विकास को राष्ट्रीय औसत 38.4 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करना है। इसके लिये 17 सितम्बर को विशेष ग्राम सभाओं एवं नगरीय क्षेत्र की समितियों में बैठक आयोजित की जायेगी। पोषण अभियान के अन्तर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक घटकों में सहयोगी विभागों के साथ समन्वय एक महत्वपूर्ण घटक है। प्रदेश में 16 सितम्बर से गरीब कल्याण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़ा अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 17 सितम्बर को मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में पोषण अभियान को जन आंदोलन बनाने में समुदाय के साथ-साथ पंचायती राज संस्थान/नगरीय निकाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये ''पोषण सरकार'' संकल्पना को अंगीकृत करने के लिये पोषण आधारित विशेष ग्राम सभा, नगरीय क्षेत्र की बैठक का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बेवकास्ट के माध्यम जोड़ा जायेगा। जिला स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला पोषण प्रबंधन रणनीति बनाई जायेगी। ग्राम, नगर स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रत्येक ग्राम, नगरीय क्षेत्र के वार्ड की समेकित स्वास्थ्य, पोषण कार्ययोजना का वाचन एवं अनुमोदन कराया जायेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रत्येक ग्रामसभा, नगरीय क्षेत्र द्वारा कुपोषण की रोकथाम एवं निवारण हेतु समग्र प्रयास किये जाने के लिये पोषण संकल्प लिया जाकर संकल्प पत्र हस्ताक्षरित किया जायेगा। बाउण्ड्रीवाल युक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में उद्यानिकी विभाग के सहयोग से फ्लों एवं सब्जियों के पौधरोपण कर पोषण वाटिका (दनजतप.हंतकमद) बनाने की कार्ययोजना पारित की जायेगी। अति गंभीर कुपोषित बच्चों को ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से दूध वितरण होगा।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मकान की चाबी प्राप्त कर गदगद हुई शिवदेई

**मुरैना।** जनपद पंचायत मुरैना के ग्राम जारह निवासी श्रीमती शिवदेई पत्नि भाकिम सिंह का कहना है वे खेती किसानी कार्य में मजदूरी के लिए घर-गृहस्थी का खर्च चलाते थे, पक्का मकान बनवाना उनके नसीब में नहीं था। भला हो प्रधानमंत्री कुटीर योजना जिसके तहत मुझे पक्का मकान बनकर मिला है। जिसकी चाबी प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों मुझे सौंपी गई है। मैं तो धन्य हो गई। मेरे मन की अभिलाषा पूरी हो गई। यह शब्द श्रीमती शिवदेई ने मुंह जबानी व्यक्त किये। जारह निवासी शिवदेई पत्नि भाकिम सिंह की पूरी उम्र घास फूस की झोंपड़ी में ही निकल गई क्योंकि इतना पैसा नहीं था कि अपना और अपने बच्चों का पक्का आवास बनवा सकें। आये दिन पति पत्नि यही सोचते थे कि हम अपनी कमाई से पक्का आवास तो बनवा नहीं सकते किंतु सपने जरूर देख सकते हैं। इन सपनों को केन्द्र व




राज्य सरकार ने आज साकार कर दिया। हमें प्रधानमंत्री कुटीर आवास के तहत आवास मिला है। जिसकी चाबी प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर व राज्य सभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हाथों प्रदान की गई है। पक्का मकान का बड़े दिनों का सपना जो मुझे सपना ही लगता था, परंतु प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की इस अभिनय योजना ने मेरा आवास का सपना साकार कर दिया।

# कलेक्टर के निर्देश पर अब नगरीय निकायों में दिखने लगा है साफ-सफाई का कार्य



**मुरैना।** कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने मुरैना जिले में पदभार संभालने के उपरांत उन्होंने नगरपालिका निगम मुरैना की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के समय उन्होंने साफ सफाई को नियमित करने के निर्देश नगर निगम कमिश्नर श्री अमर सत्य गुप्ता को दिये थे। इसके बाद भी कलेक्टर ने प्रातः शहर की साफसफाई का जायजा लिया जिसमें उन्होंने बैठक के दौरान समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिये कि प्रातः 6 से 9 बजे तक फील्ड में निकलें खुद स्वयं साफ सफाई का अवलोकन करें। कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका निगम मुरैना सहित जिले की अन्य नगरीय निकायों में साफसफाई का असर दिखने लगा है अब शहर, गली, मोहल्ले एवं पार्को में भी साफसफाई दिखने लगी है। स्वयं आयुक्त नगर निगम श्री अमर सत्य गुप्ता सहित अन्य सीएमओ भी प्रातः 6 से 9 बजे तक साफसफाई कराने में दिख रहे हैं।

### जिला जेल मुरैना में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से किया गया, निरीक्षण

**मुरैना।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन में अपर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री व्ही.के. गुप्ता ने सोमवार को जिला जेल मुरैना में वीडियों कॉफ्रेंस के माध्यम से निरीक्षण, वर्चुअल ई-कैम्प किया। जिला जेल मुरैना में स्थित बंदियों के बारे में जानकारी ली गई, जिसमें अधीक्षक जिला जेल मुरैना द्वारा 310 बंदी होना बताया। इन सभी बंदियों को वर्चुअल के माध्यम से नालसा योजना, नशा पीड़ितो को नशा मुक्त करने संबंधी एवं विधिक सेवायें संबंधी जानकारी दी गई। अपर जिला जज श्री व्हीके गुप्ता ने नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015 के अंतर्गत विधिक सेवा संस्थायें, जेल के कैदियों एवं जेल स्टाफ के लिए स्वापक औषधियों के विषय के संबंध में जानकारी दी। जेल में आने वाले नए बंदियों को अलग से बैरिक में रखने के निर्देश दिए।

# गरीब कल्याण सप्ताह 17 से 23 सितम्बर तक

**प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर जनकल्याण कार्यक्रमों**

मुरैना 15 सितम्बर 2020/मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 16 सितम्बर को होने वाले मुख्यमंत्री अन्नापूर्णा योजना अन्न उत्सव और 17 सितम्बर से प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिवस पर एक सप्ताह के जनकल्याण कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रमों के जिला स्तर पर आयोजन के स्वरूप के संबंध में विस्तृत निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर्स को जनकल्याण कार्यक्रमों की श्रृंखला को सफ्ल बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 16 सितम्बर को लाइव कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के 37 लाख नवीन उपभोक्ताओं को पात्रता पर्ची और राशन पैकेट प्रदान करने का कार्य इन लोगों की जिन्दगी बदलने का अभिनव प्रयास है। यह किसी एक विभाग का कार्यक्रम न होकर राज्य सरकार का महत्वपूर्ण अभियान है, जिसे ग्रामीण विकास, राजस्व, कृषि और अन्य सभी विभाग भी सफ्ल बनाने के लिए जुट जाएं। प्रति सदस्य पाँच किलो गेहूँ, चावल के साथ ही प्रति परिवार एक किलो नमक और 1.5 लीटर केरोसीन का वितरण किया जाएगा। लाभार्थियों को नवम्बर 2020 तक पी.एम.जी.के.ए.वाय. में प्रति सदस्य पाँच किलो अतिरिक्त खाद्यान्न और एक किलो दाल प्रति परिवार निःशुल्क प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना काल में तकनीकी के सार्थक उपयोग से जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ और संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस श्रृंखला में प्रदेश के स्ट्रीट वेण्डर्स के कल्याण और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को गृह प्रवेश के कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन और हितग्राहियों से बातचीत के साथ सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुए हैं। इस अवसर पर बताया गया कि जिला स्तर पर अन्न उत्सव में 200 हितग्राही सहित कुल 300 लोग शामिल होंगे। जिला स्तर पर कार्यक्रम पूर्वान्ह 11.30 से 12.15 बजे तक रहेगा। जिलों में राशन की दुकान के स्तर पर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिवस के दिन 17 सितम्बर को प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में दुग्ध वितरण का कार्य होगा। चिन्हित किए गए कुपोषित बच्चों को इसका लाभ दिलवाया जाएगा। प्रदेश में करीब 4 लाख ऐसे बच्चों की पहचान की गई है। प्रदेश में 18 सितम्बर को 22 लाख 51 हजार किसानों को फसल बीमा की राशि के 4 हजार 688 करोड़ रूपए वितरित किए जाएंगे। इसी तरह 19 सितम्बर को लगभग 30 हजार वनाधिकार पट्टों का वितरण किया जाएगा। प्रदेश के करीब 47 जिलों के पात्र वनवासी हितग्राही इसका लाभ लेंगे। स्व-सहायता समूहों को 20 सितम्बर को लाभान्वित किया जाएगा। इन्हें सशक्तीकरण के लिए करीब 150 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की जाएगी।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिहं चौहान भोपाल में करेंगे अन्न उत्सव का शुभारंभ

## नवीन हितग्राहियों को खाद्यान्न प्रदाय पर्ची वितरण आज मंत्री कंषाना व डण्डोतिया करेंगे

**मुरैना।** ष्मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिहं चौहान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अतंर्गत एक कदम बढाते हुए नवीन हितग्राहियों को खाद्यान्न प्रदाय हेतु पात्रता पर्ची का वितरण 16 सितम्बर 2020 को भोपाल से किया जावेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश के 37 लाख नवीन हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची एवं राशन किट के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्य स्तरीय उद्बोधन का प्रसारण प्रातः 11.30 बजे से टीवी चैनल, रेडियो एवं वेबकास्ट के माध्यम से फेसबुक, ट्वीटर आदि पर किया जावेगा। मुरैना जिले में प्रतीक्षारत पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा 25 श्रणियों के परिवारों की पात्रता पर्ची का वितरण होगा। पात्रता पर्ची एवं खाद्यान्न विधिवत वितरण 16 सितम्बर 2020 को प्रातः 11.30 बजे टाउनहॉल मुरैना में पीएचई मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना व राज्यमंत्री श्री गिर्राज डण्डोतिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती गीता हर्षाना, पूर्व सांसद श्री अनूप मिश्रा, पूर्व मंत्री श्री रूस्तम सिंह, पूर्व सांसद एवं महापौर श्री अशोक अर्गल और पूर्व विधायक श्री रघुराज सिंह कंषाना की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री श्री चौहान के राज्य स्तरीय उद्बोधन का प्रसारण प्रातः 11.30 बजे से




होगा। जिसका कार्यक्रम में अनुश्रवण किया जावेगा। साथ ही नागरिक टीवी चैनल, रेडियो एवं बेवकास्ट के माध्यम से फेसबुक, ट्वीटर पर भी देख सकते है। कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक कदम बढाते हुए मुरैना जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के नवीन हितग्राहियों को खाद्यान्न प्रदान करने के लिए पात्रता पर्ची का वितरण आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के माध्यम से कराया जावेगा। साथ ही पात्र हितग्राही वन नेशन वन राशनकार्ड के तहत किसी भी शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न सामग्री प्राप्त करने का लाभ उठा सकेगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी संबंधितों को जिला प्रशासन की ओर से आमंत्रित किया गया है। जिला मुख्यालय श्योपुर पर विजयपुर क्षेत्र के विधायक श्री सीताराम आदिवासी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन निषादराज भवन श्योपुर पर किया गया है। इस कार्यक्रम में 16 सितंबर को प्रातः 11 बजे से जिले के 28920 नवीन पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची का वितरण किया जावेगा। साथ ही मुख्यमंत्री श्री चौहान के राज्य स्तरीय उद्बोधन का प्रसारण प्रातः 11.30 बजे से होगा। जिसका कार्यक्रम में अनुश्रवण किया जावेगा। साथ ही नागरिक टीवी चौनल, रेडियो एवं बेवकास्ट के माध्यम से फेसबुक, ट्वीटर पर भी देख सकते है। भिण्ड जिले में अन्न उत्सव पूरी गरिमा के साथ सांसद एवं मंत्री की उपस्थिति में मनाया जायेगा प्रदेश के अन्य जिलों के साथ भिण्ड जिले में भी 16 सितम्बर 2020 को अन्न उत्सव पूरी गरिमा के साथ मनाया जाएगा जिसमें नवीन पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची वितरण किया जाएगा। भिण्ड में अभियान की शुरुआत 16 सितम्बर 2020 को प्रातः 11 बजे से निराला रंग बिहार में भिण्ड-दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय एवं राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास श्री ओपीएस भदौरिया की उपस्थित में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम से 250 पात्र परिवारों की खाद्यान पर्ची का वितरण सांकेतिक रूप से किया जायेगा, शेष परिवारों को खाद्यान पर्ची का वितरण नगरीय निकायो एवं जनपद पंचायतों के माध्यम से 16 सितंबर से 23 सितंबर के बीच किया जायेगा। भिण्ड जिले में नवीन 29583 चिन्हित किये गये पात्र परिवारों के 1 लाख 30 हजार 936 हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची का वितरण किया जाना है।



इंग्लैंड के ब्राइटन में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान चेल्सी के टिमो वर्नर, ब्राइटन के गोलकीपर को चकमा देने की कोशिश करते हुए।

## फीफा विश्व कप में जगह बनाने शीर्ष 50 में पहुंचना होगा : झिंगन



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के डिफेंडर संदेश झिंगन ने कहा कि टीम का अंतिम लक्ष्य आगामी फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है। संदेश ने मान कि यह लक्ष्य आसान नहीं है, इसलिए टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए भारतीय टीम को नियमित रूप से एएफसी एशियाई कप में भाग लेने के साथ ही फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 से शीर्ष 50 में पहुंचना होगा। झिंगन ने कहा कि हमारा अंतिम लक्ष्य विश्व कप के लिये क्वालीफाई करना है पर इसके लिए कुछ कदम हमें उठाने होंगे जैसे नियमित रूप से एएफसी एशियाई कप में खेलना, शीर्ष 100 में पहुंचना, फिर शीर्ष 50 में पहुंचना। इसके साथ ही घरेलू और विदेशी मैदानों पर बेहतर खेल के साथ टूर्नामेंट जीतने होंगे। उन्होंने कहा, शारीरिक और मानसिक रूप से आपको संतुलन बनाए रखना होगा। बतौर खिलाड़ी हमें जीत के लिये आक्रामक होकर खेलना होगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहतर हुआ है पर हमें और प्रयास करने होंगे।

## मुम्बई इंडियंस को खलेगी अच्छे स्पिनरों की कमी



**मुंबई।** कप्तान रोहित शर्मा की मुम्बई इंडियंस अपना पांचवां खिताब जीतने के इरादे से 19 सितंबर को चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के सामने उतरेगी। सीएसके को इस बार अनुभवी तेज गेंदबाज लसित मलिंगा और अच्छे स्पिनरों की कमी खलेगी। टीम अबुधाबी की धीमी पिचों पर अपने अधिकतर मैच खेलेगी और ऐसे में हालातों से तालमेल बनाना उसके लिए जरुरी रहेगा। ऐसे में कप्तान रोहित और क्विंटन डी कॉक की सलामी जोड़ी के ऊपर टीम को बड़े स्कोर तक ले जाने की जिम्मेदारी होगी। इनके अलावा क्रिस लिन भी सलामी बल्लेबाज के लिए अच्छे विकल्प रहेंगे। वहीं मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव, कीरोन पोलार्ड, हार्दिक पंड्या और कुणाल पंड्या जैसे बल्लेबाज टीम के मध्यक्रम को मजबूती देंगे।मुंबई के पास आक्रमक बल्लेबाज हैं पर उनकी मुख्य कमजोरी सही गेंदबाजी संयोजन को लेकर है। तेज गेंदबाज मलिंगा निजी कारणों से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रंहे हैं। ऐसे में दूसरे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर पूरी जिम्मेदारी रहेगी। वहीं इसके अलावा मिशेल मैक्लेनाघन और ट्रेंट बोल्ट भी अच्छे विकल्प रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के जेम्स पैटिंसन के होने से टीम के पास विकल्प बढ़े हैं। टीम में चयन को लेकर इन सबके बीच कड़ा मुकाबला होगा। टीम को कुणाल पंडया और राहुल चाहर से भी उम्मीदें रहेंगी। ऑफ स्पिनर जयंत यादव के लिए पिछला घरेलू सत्र अच्छा नहीं रहा ऐसे में यह देखना होगा कि उन्हें इस सत्र में कितने मैचों में अवसर मिलता है। ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड भी बदलाव के तहत गेंदबाजी कर सकते हैं। वह हालांकि पिछले कुछ सत्र से नियमित तौर पर गेंदबाजी नहीं कर रहे है। मुंबई इंडियन्स के साथ पिछले 10 साल से जुड़े 33 वर्षीय 146.77 के स्ट्राइक रेट से 2755 रन बनाए हैं।

## भारत-चीन विवाद के कारण बैडमिंटन भी हो रहा प्रभावित

**बेंगलुरु।** भारत और चीन के बीच विवाद का असर बैडमिंटन पर भी पड़ रहा है। इसका कारण यह है कि भारत सरकार ने चीन से आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है जबकि बैडमिंटन के लिए शटल्स की आपूर्ति भी चीन के रास्ते से ही होती थी पर अब अब प्रतिबंध के कारण इनके स्टॉक में भारी कमी हो गई है। देश भर के बैडमिंटन खिलाड़ी यहां तक की नैशनल कैंप में अभ्यास करने वाले खिलाड़ी भी चीन की योनिक्स शटल्स का इस्तेमाल करते हैं जिसकी



आपर्ति अब रुक गयी है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 90 फीसदी शटल्स की आपूर्ति चीनी कंपनियां ही करती हैं। इसका कारण यह है कि शटल के लिए जरूरी कच्चे सामान जैसे कि बत्तख के पंख का इंतजाम चीन में आसानी से हो जाता है। एक प्रकार से देखा जाये तो शटल के कारोबार पर चीन का एकाधिकार है हालांकि सरकार ने सभी फेदर (पंख) उत्पादों के चीन से आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## आकाश चोपड़ा की किंग्स इलेवन में गेल शामिल नहीं

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने केएल राहुल की कप्तानी में किंग्स इलेवन पंजाब की संभावित अंतिम ग्यारह टीम का चयन किया है। चोपड़ा ने इस टीम में आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल को नहीं रखा है। यह इसलिए भी हैरान करने वाला फैसला है क्योंकि वो गेल ही हैं जिनके नाम आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ पारी (175 रन) दर्ज है। यहीं नहीं इस बार गेल के पास टी-20 फॉर्मेट में 1000 छक्कों का आंकड़ा हासिल का बेहतरीन अवसर रहेगा। यह एक रिकॉर्ड है जो शायद ही कोई तोड़ सके। आईपीएल में भी सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड गेल के नाम ही दर्ज है। आईपीएल में 326 छक्के लगाने वाले गेल टी20 फॉर्मेट में कुल 978 छक्के लगा चुके हैं और अगर वो आईपीएल के



आने वाले सीजन में 22 छक्के और लगा लेते हैं, तो उनके नाम 1000 टी-20 छक्के दर्ज हो जाएंगे।आकाश ने किंग्स इलेवन पंजाब की इस टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर राहुल के साथ मयंक अग्रवाल को रखा है। तीसरे नंबर पर उन्होंने दो खिलाड़ियों का विकल्प दिया। इसमें करुण नायर और मंदीप सिंह का नाम शामिल है। वहीं मध्य क्रम में आकाश ने निकोलस पूरन, ग्लेन मैक्सवेल, सरफराज खान को रखा है। इसके अलावा निचले क्रम में कृष्णन गौथम और क्रिस जोर्डन को शामिल किया गया है। वहीं गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम में जोर्डन के अलावा, मोहम्मद शमी हैं जबकि स्पिन विभाग में यह जिम्मेदारी मुजीब उर रहमान और रवि विश्नोई को दी गयी है। आकाश चोपड़ा की संभावित किंग्स इलेवन पंजाब की टीम इस प्रकार है = केएल राहुल(कप्तान), मयंक अग्रवाल, करुण नायर/मंदीप सिंह, निकोलस पूरन, ग्लेन मैक्सवेल, सरफराज खान, कृष्णन गौथम, क्रिस जॉर्डन, मुजीब उर रहमान, रवि बिश्नोई, मोहम्मद शमी।

## जीत की मानसिकता बनाये रखनी होगी : एलेक्जेंडर

**लंदन।** लिवरपूल के डिफेंडर ट्रेंट एलेक्जेंडर आर्नल्ड का मानना है कि अगर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) विजेता उनकी टीम को अपना खिताब आगे भी बरकरार रखना है तो उसे अपने खेल में लगातार सुधार करते रहना होगा। लीवरपूल टीम ने 30 साल बाद ईपीएल का खिताब



अपने नाम किया था और अब नए सत्र के पहले मैच में उसका सामना लीड्स युनाइटेड से होगा। एलेक्जेंडर ने कहा, यह अंकतालिका में ऊपर आना या ज्यादा गोल करने पर ही निर्भर नहीं करता है। यह एक टीम के तौर पर सुधार करने और लगातार जीतने की बात है।卐उन्होंने कहा, 卐हमें वो मानसिकता बनाए रखनी होगी जो हमें यहां तक लेकर आई, यह काफी अहम है। हम जानते हैं कि हमारे सामने विजेता के तौर पर अब बड़े लक्ष्य हैं और जब कोई टीम हमारे सामने खेलेगी तो वो भी और आर ज्यादा प्रेरित हो जाएगी। ऐसे में हमें उनकी मानसिकता को समझने और अपने आप को एक कदम आगे ले जाने की जरूरत है।

## पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर के रॉडर पर आएं आरबीसी के कप्तान विराट कोहली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2020 शनिवार से यूएई में शुरू होगा।इस लेकर सारी तैयारियां हो चुकी हैं। इस बार भी आईपीएल फ्रेंचाइजी रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली रेडार पर हैं। इसका कारण है कि वह 2016 से आरसीबी के कप्तान हैं लेकिन आरबीसी अभी तक आईपीएल जीत नहीं सकी। इस पर अब पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर ने कोहली को आरसीबी कप्तान के रूप में भागीदारी की कमी के लिए कोहली की आलोचना की है। गंभीर ने कहा, पहली बात यह है कि विराट कोहली वही हैं, जो 2016 से आरसीबी की कप्तानी कर रहे हैं। इसलिए अगर संतुलन पहले नहीं था,तब विराट कोहली को और अधिक ध्यान देना चाहिए था।

## पीवीआर को 225.73 करोड़ का नुकसान





**नई दिल्ली।** मल्टीप्लेक्स सिनेमाघर श्रृंखला चलाने वाली प्रमुख कंपनी पीवीआर लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 225.73 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। इसकी वजह कोविड-19 महामारी के चलते मार्च से ही सिनेमाघरों पर ताला लगा होना है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2019-20 की अप्रैल-जून अवधि में कंपनी को 17.53 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने बताया कि समीक्षावधि में उसकी परिचालन से आय 12.70 करोड़ रुपए रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी की आय 880.39 करोड़ रुपए थी। इस दौरान कंपनी का कुल व्यय घटकर 397.12 करोड़ रुपए रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 859.10 करोड़ रुपए था। कंपनी देश के 71 शहरों में 176 सिनेमाघरों में 845 पर्दों पर सिनेमा प्रदर्शन करती है।

## ऐमजॉन-फ्लिपकार्ट शुरू करेंगे बिग सेल, बेचेंगे दाल-चावल भी!

**मुंबई।** इस दिवाली भारत की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां दाल-चावल से बाजार में एक दूसरे से भिड़ती ?दिखाई देंगी। ऐमजॉन और फ्लिपकार्ट भी ग्रॉसरी के जरिए ही सेल्स में अपना राजस्व बढ़ाने की कोशिश करेंगी। बताया जा रहा है ?कि ?जियोमार्ट के कारण ऐमजॉन और फ्लिपकार्ट ग्रॉसरी में बड़े स्तर पर प्रवेश कर रही हैं। सितंबर के आखिरी हफ्ते में ये सारे प्लेटफॉर्म स्पेशल फेस्टिव सेल शुरू कर सकते हैं, जो नवंबर के दूसरे हफ्ते दिवाली तक जारी रहेगी। इसकी शुरुआत ग्रॉसरी के साथ होगी और धीरे-धीरे इलेक्ट्रॉनिक्स और बाकी अप्लायंस के जरिए ये सेल दिवाली के दौरान अपने चरम तक पहुंचेगी।

## कर्ज में 5.49 प्रतिशत की वृद्धि: आरबीआई

**मुंबई।** बैंक कर्ज 28 अगस्त को समाप्त पखवाड़े में सालाना आधार पर 5.49 प्रतिशत बढ़कर 102.11 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया बकि बैंक जमा 10.92 प्रतिशत बढ़कर 141.76 लाख करोड़ रुपए रही। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 30 अगस्त, 2019 को समाप्त पखवाड़े में बैंकों का कर्ज 96.80 लाख करोड़ रुपए जमा 127.80 लाख करोड़ रुपए था। इससे पहले 14 अगस्त, 2020 को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज 5.52 प्रतिशत बढ़कर 102.19 लाख करोड़ रुपए और जमा 11.04 प्रतिशत बढ़कर 140.80 लाख करोड़ रुपए था। रिजर्व बैंक के जुलाई 2020 के बैंक के कर्ज के आंकड़े के अनुसार सालाना आधार पर गैर-खाद्य कर्ज में जुलाई माह में 6.7 प्रतिशत की




वृद्धि हुई जबकि पिछले साल के इसी माह में इसमें 11.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उद्योग को कर्ज में वृद्धि आलोच्य महीने में 0.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि इससे पूर्व 2019 के इसी माह में इसमें 6.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को जुलाई महीने में दिए गए कर्ज में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी माह में इसमें 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़े के अनुसार सेवा क्षेत्र को कर्ज जुलाई 2020 में 10.1 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी महीने में 15.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। व्यक्तिगत कर्ज के मामले में आलोच्य महीने में 11.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि जुलाई 2019 में इसमें 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़े के अनुसार वाहन कर्ज में जुलाई 2020 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 7 व 4 में 84 लाख की लागत से होने वाले विद्युतीकरण कार्य का किया भूमिपूजन

# घर-घर में बल्ब जले - ऊर्जा मंत्री तोमर




**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अवैध कॉलोनियों में विधुतीकरण के कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहा कि हर घर में प्रकाश हो यही सरकार की मंशा है। सरकार की मंशानुसार सभी अवैध कॉलानियों में विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है, और कहा कि आपको मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराना मेरा प्रयास रहेगा। भूमि पूजन के अवसर पर क्षेत्रीयगणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि वार्ड 7 के गंगा विहार, गोतम विहार एवं वार्ड 4 के ओमनगर मोहिते गार्डन के पास की कॉलोनियों में 84 लाख 47 हजार रूपये की लागत से विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें गंगा विहार में 26 लाख 70 हजार रूपये की लागत से 50 खम्बे 2 ट्रांसफार्मर, गोतम विहार में 26 लाख 55 हजार रूपये की लागत से 40 खम्बे एक ट्रांसफार्मर एवं ओमनगर में 31 लाख 22 हजार की लागत से 41 खम्बे 3 ट्रांसफार्मर लगाये जायेगें। जिससे क्षेत्र की विद्युत समस्या का निदान हो जायेगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र के निवासियों की काफी समय से विद्युत की समस्या बनी हुई थी। आये दिन अप्रिय घटना घटित हो जाती थी उन्ही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अवैध कॉलोनियों में विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। बिजली के खम्बे तो लगेगें ही साथ ही सभी खम्बों पर सोडियम भी लगाई जायेगी, जिससे क्षेत्र प्रकाशमय हो जायेगा । उन्होने कहा कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं के लिए सीवर, सड़क व पानी की लाइन डालने का कार्य तीव्रगती से किया जा रहा है। क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी है। साथ ही प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए 1 किलोवाट तक के बिजली के बिल 31 अगस्त तक के फ्रीज कर दिये गए हैं। आपको सितम्बर का बिल ही दिया जायेगा, पिछ्ला बकाया जोडकर नही दिया जायेगा।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड-5 में एक करोड़ 61 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड-5 में 1 करोड़ 61 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन करते हुए कहा कि विकास का पहिया अब सुचारू रूप से चालू हो गया है। क्षेत्र में रूके हुए सभी कार्यो ने गति प्राप्त कर ली है। आपकी सेवा करना ही मेरा प्रथम लक्ष्य रहा है, आमजन की जनभावनाओं को ध्यान में रखकर विकास कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 5 आनंद नगर सी ब्लॉक माता वाले पार्क से रेलवे क्रॉसिंग पुलिया तक नवीन सीसी सडक व नाली लागत 9 लाख 35 हजार से निर्माण कार्य, सूरज नगर सिद्धी विनायक कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण लागत 14 लाख 90 हजार, देहली पब्लिक स्कूल वाली गली एवं न्यू कल्चर स्कूल के आसपास की गलियों में सीसी रोड निर्माण लागत 31 लाख 82 हजार, रजवन नगर डामरीकरण लागत 9 लाख 29 हजार, गिर्राज मंदिर से सागरताल मैन रोड़ आनंद नगर डामरीकरण लागत 37 लाख 30 हजार, अपनाघर कॉलोनी पार्क निर्माण कार्य लागत 3 लाख 32 हजार एवं शमशान रोड पर नवीन नाला निर्माण कार्य 55 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। उन्होन ने कहा कि क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन आज किया जा रहा है, जल्द ही आपको कार्य भी दिखने लगेगें। कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि एक करोड की लागत से बहोडापुर चैराहे का सौंदर्यीकरण, बहोडापुर से पुरानी छावनी तक फोर लेन बनने जा रही है। साथ ही ग्वालियर के युवाओं के लिए शीघ्र ही नये उद्योग स्थापित किये जायेगें। जिससे स्थानीय नागरिको कों ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पिछडी हुई कॉलोनियों में विद्युतीकरण का कार्य भी चालू हो गया है। साथ ही प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए 1 किलोवाट तक के बिजली के बिल 31 अगस्त तक के बिल फ्रीज कर दिये गए हैं। आपको सितम्बर का बिल ही दिया जायेगा, पिछ्ला बकाया जोडकर नही दिया जायेगा। भूमिपूजन के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री प्रयाग तोमर, पार्षद श्री मेहरबार छारी, श्री सुरेश सिकरवार, श्री राजू यादव, श्री आजाद खॉ, श्री मनोहर लाल, श्री मुलायम सिंह, श्री अजीत राजपूत सहित बडी संख्या में क्षेत्रीयगणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पितृपक्ष ज्तर्पण व श्राद्ध का सिलसिला जारी

# जीव-आत्मा को श्राद्ध कर्म से मिलती है शांति



**ग्वालियर।** पितर पक्ष में पितरों का तर्पण का सिलसिला जारी है। पूरे पितर पक्ष में अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग तरह से स्वर्ग सिधारने वालों का विशेष श्राद्ध किया जाता है। चर्तुदर्शी तिथि को महिलाओं का विशेष रुप से श्राद्ध किया जाता है। जिससे मातृऋष्टा से मुक्ति मिलती है। इसी तरह दसवीं तिथि पर वैष्णवों और द्वादशी तिथि में संत-महात्माओं का श्राद्ध करने का विधान है। इन विशेष तिथियों में श्राद्ध कर्म करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित सेवाराम शर्मा के मुताबिक शास्त्रों में एकादशी को वैष्णवों और द्वादशी को संत-महात्माओं और सन्यासियों का तर्पण करने का विधान बताया गया है। इन विशेष तिथियों में किये गये पिंडदान और तर्पण व श्राद्ध कर्म से जीव आत्मा को शांति मिलती है। श्राद्ध पक्ष में नवमीं एकादशी और द्वादशी के साथ-साथ चतुर्दर्शी का भी महत्व है। इस तिथि में आग से जलने, पानी में डूबने, पेड़ से गिरने जैसे अकाल मृत्यु को प्राप्त हुये लोगों का श्राद्ध करने से उन्हें मोक्ष प्राप्त होता है। पंडित सेवाराम शर्मा ने बताया कि अगामी 17 सितंबर अमावस्या को पितरों की विदाई की जायेगी। इस दिन पितृमोक्ष अमावस्या में पितरों के निमित्त अंतिम पूजा होगी। उनसे सुख-समृद्धि की और आर्शीवाद की कामना करते हुये उन्हें विदा किया जायेगा।

# जेसीआई प्रियदर्शनी ने जेसीआई वीक में ऑन लाइन कराया साडी कॉम्पटीशन



**ग्वालियर।** जेसीवीक के अंतिम दिन आज जेसीआई प्रियदर्शनी ग्वालियर ने *विरासत* के माध्यम से परंपरागत साड़ियों के वीडियो के साथ ऑन लाइन कॉम्पटीशन करवाया।। अपनी दादी नानी के समय की साड़ियां पहनकर कैट वाक के साथ सदस्यो ने बेहद शानदार वीडियो आयोजको को भेजे।।उनपर निर्णय करने में निर्णायकों दीप्ति गुप्ता और प्रियंका को काफी मुश्किल से विजेताओं को चुनना पड़ा क्योंकि एक से बढ़कर एक प्रस्तुति भेजी गई थी।। आज समापन आयोजन विरासत के मुख्यअतिथि जेसीआई फाउंडेशन चेयरमैन और लीडर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसी के बल्लभदास ने जीवन मे सफलता के 5 गुर बताए।। स्वास्थ्य,परिवार,मित्र,समाज और धन व्यवसाय को इस क्रम में जीवन मे अपनाए। आज आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रथम नूपुर माथुर, द्वितीय कुमकुम जैन,तृतीय दीप्ति मित्तल थे।।सांत्वना पुरस्कार प्रथम रेणु जेठवानी,द्वितीय रोमा बक्क्षी को गया।। स्वागत एवं संचालन अध्यक्ष नीलम जैन ने किया।। पुरुस्कारों की घोषणा समन्वयक रुपाली मांगलिक और साड़ियों के वीडियो की प्रस्तुति संयोजक अरुणिमा गोयल द्वारा की गई। अंत मे आभार सचिव निकिता पारख ने किया।। इस अवसर पर जेसी सप्ताह समन्वयक नीलिमा अग्रवाल,सप्ताह संयोजक रुचि अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष प्रीति बंसल,मनीषा गगरानी,ममता अग्रवाल,पल्लवी अग्रवाल, रितिका गुप्ता ,ज़ेडपी अजय शर्मा,ज़ेडवीपी लक्मन शर्मा,साकेत गुप्ता,केशव वैश्य आदि ऑन लाइन उपस्थित थे।

## युवती से दोस्ती कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**ग्वालियर।** शहर के जनक गंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 30 वर्षीय नर्स की मोबाइल पर आए मिस कॉल के बाद यूपी के एक युवक से दोस्ती हो गई उसके बाद युवक ने शादी का झांसा देकर नर्स का 3 साल तक दहेज शोषण किया बाद में शादी करने से मुकर गया! इसके बाद नर्स ने थाने जाकर युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 30 साल की नर्स ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि 3 साल पहले उसके मोबाइल पर एक मिस कॉल आया था जब उसने पलट कर फोन लगाया तो फोन करने वाले अपने अपना नाम संदीप शाक्य निवासी यूपी बताया इसके बाद दोनों की फोन पर बात होने लगी और युवक ने उससे प्रेम का इजहार किया तथा शादी करने का आश्वासन दिया! बाद में जब नर्स के परिजन घर पर नहीं होते तो युवक वहां आने लगा और नर्स को शादी करने का वादा कर उससे दुष्कर्म किया और 3 साल तक उसका दैहिक शोषण करता रहा नर्स ने जब शादी करने को कहा तो युवक न कर गया! पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है!

## ट्रक चालक ने किया बालक से कुकृत्य

**ग्वालियर।** शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित न्यू बस स्टैंड के पास एक ट्रक चालक ने 9 साल के बालक के साथ कुकृत्य कर दिया पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र में न्यू बस स्टैंड के पास एक ट्रक चालक दिलीप किरार एक 9 साल के बालक को बहला-फुसलाकर एकांत में ले गया और उसके साथ कुकृत्य कर दिया किसी तरह बालक अपने घर पहुंचे और परिजनों को सारी घटना से अवगत कराया उसके बाद परिजन बालक को लेकर थाने आई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है!

## हॉकर ने लौटाया नगदी गहने से भरा पर्स

**ग्वालियर ।** बेटी के साथ बाजार जा रही एक महिला का पर्स रास्ते में गिर गया पर्स में नगदी तथा मंगलसूत्र था जिसकी कीमत ?100000 करीब थी ! महिला का पर्स एक नौकर को मिलाओ और उसमें थाने आकर महिला को पर्स लौटा दिया! जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित पारस विहार कॉलोनी निवासी पूनम पत्नी अरविंद सिंह अपनी बच्ची के साथ बाजार जा रही थी तभी रास्ते में बच्ची ने पर्स निकाला होगा और उसी समय पर से गिर गया पर्सनल मंगलसूत्र तथा 13 60 की नगदी थी! पर्स गुम हो जाने की सूचना महिला जब थाने में देने पहुंची तभी मुरार निवासी होकर रामकरण शर्मा वहां पहुंचे और उन्होंने बताया कि उन्हें एक पर्स मिला है जिसमें मंगलसूत्र 7 नकदी है!

# अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

**ग्वालियर।** शहर के कंपू थाना क्षेत्र में शिवपुरी लिंक रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई वहीं थाटीपुर थाना क्षेत्र में एक स्कूटी डिवाइडर से टकरा जाने के कारण वाहन सवार युवक घायल हो गया उसे अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार गुड़ा गुड़ी का नाका एकता कॉलोनी निवासी वीरेंद्र राजपूत 50 वर्ष अपने गांव से वापस आ रहे थे तभी शिवपुरी लिंक रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गए घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया पुलिस ने शव को पीएम के लिए बीच अज्ञात वाहन चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है! वहीं थाटीपुर थाना क्षेत्र में स्थित सुरेश नगर निवासी शशि प्रकाश लहरिया 40 वर्ष स्कूटी से कहीं जा रहे थे तभी चौराहे पर उनकी स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई और वह घायल हो गए घायल शशि प्रकाश को अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है!

### महिला कांग्रेस स्थापना दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

# कांग्रेस का उद्देश्य महिलाओं को सम्मान देना है: डॉ. देवेन्द्र शर्मा




**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के मुख्यातिथ्य एवं महिला नेत्री श्रीमती रूचि गुप्ता की अध्यक्षता में महिला कांग्रेस स्थापना दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने महिला कांग्रेस स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित महिलांओ को संबोधित करते हुए कहा कि 18 सिंतबर को मप्र के पूर्व मुंख्यमंत्री प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के ऐतिहासिक स्वागत में महिलाएं जनभागीदारी निभाएं। स्व. प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने महिला कांग्रेस की स्थापना का उदेश्य महिलांओ को राजनैतिक और सामाजिक क्षेत्र में बराबर कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर सके, और इसिलिए संविधान में संषोधन करते हुए सरपंच से लेकर राष्ट्रपति तक कानून रूप से अधिकार दिए गये उस ही का परिणाम हे देश की राष्ट्रपति महिलाएं , लोकसभा अध्यक्ष महिलाएं, राज्यपाल महिलाएं सांसद, विधायक और मंत्री के पदो पर आसीन हुई है। कांग्रेस की महिला नेत्री एवं 16 पूर्व विधानसभा क्षेत्र प्रभारी श्रीमती रूचि गुप्ता ने कहा कि भारत महिला प्रधान देश हे ओर महिलांओ के सम्मान गिराने वालो को बेनकाब किया जाएगा, महिलांओ को कांग्रेस में बराबर सम्मान मिलेगा। कांग्रेस आजादी के आंदोलन में भी और आजादी के बाद देष में महिलांओ को सम्मान देती रही है और देती रहेगी। बैठक में कांग्रेस के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष संगठन प्रभारी महाराज सिंह पटेल, प्रवक्ता आंनद शर्मा, सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चावला, संजीव दीक्षित, महिला नेत्री निधि शर्मा ,सुनीता तौमर, रचना कुशवाह, पूजा श्रोतिय, रानू , गीता सूर्यवंशी, आशा जैन, दीप्ती संघी, दीपा आर्य, हेमा राठौर, रचना अगव्राल साहित अनेक महिला नेत्री उपस्थित थी।

## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478